Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक
# वेलकम इंडिया
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 179 | बुधवार, 08 जुलाई-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# बाबरी ढांचे की जगह राममंदिर देखकर सपा व कांग्रेस को पीड़ाः सीएम योगी

## मुख्यमंत्री ने प्रतापगढ़ में 384 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 111 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण/शिलान्यास

वेलकम इंडिया, नेटवर्क






**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी व कांग्रेस के नेताओं को खरी-खरी सुनाते हुए राम मंदिर व वक्फ के मुद्दे पर आईना दिखाया। उन्होंने दो-टूक कहा कि हिंदू आस्था पर प्रहार करने वालों के मुंह पर वक्फ के नाम पर फेविकोल क्यों चिपक जाता है? दरअसल सपा व कांग्रेस की पीड़ा यह है कि वे जहां गुलामी का बाबरी ढांचा देखना चाहते थे, वहां भगवान राम का मंदिर बन गया है। सपाइयों व कांग्रेसियों को देख गिरगिट भी शमार्ता है कि यह प्रजाति हमसे भी तेज गति से रंग बदलती है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज में प्रतापगढ़ व विश्वनाथ गंज विधानसभा क्षेत्रों के लिए 384 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 111 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। सीएम ने देवी-देवताओं, संतों, साहित्यकारों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, राजनेताओं का उल्लेख कर प्रतापगढ़ की समृद्ध विरासत को नमन किया। उन्होंने कहा कि आंवले की औषधीय मिठास बिखेर रहा प्रतापगढ़ स्वावलंबन का उदाहरण है। लेकिन प्रतापगढ़ के किसानों, बागवानों व उनके पूर्वजों ने आंवला उत्पादन कर हमें अमृत फल दिया। सीएम ने कहा कि सपा व कांग्रेस के पास कोई नया मुद्दा नहीं है। इनके पास दो ही मुद्दे बचे हैं, जाति के नाम पर विभाजन और आस्था पर प्रहार। कुछ दिनों से ये लोग भारत की सनातन आस्था पर प्रहार करने की शरारत कर रहे हैं। अयोध्या में बाबरी ढांचे का समर्थन करने वाली कांग्रेस व सपा ने गिरगिट की तरह रंग बदला है। ये लोग कह रहे कि अयोध्या में आस्था से खिलवाड़ हो रहा है। आखिर अयोध्या पर इनकी आस्था कब से हो गई? रामभक्तों के पूर्वजों ने अयोध्या की लड़ाई लड़ी है, वे बोल सकते हैं, लेकिन कांग्रेस व सपा को अयोध्या पर बोलने का अधिकार नहीं है।

### जातीय आधार पर समाज को बांटना चाहता है विपक्ष

सीएम ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आपने सपा व कांग्रेस समेत अन्य दलों के दलदल को देखा है। जिन्होंने युवाओं व नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था, चुनाव आते ही वे फिर से साजिशें कर रहे हैं। विपक्ष को यूपी की प्रगति, उपद्रव से मुक्ति, उत्साहपूर्ण वातावरण, विरासत का सम्मान, मां बेल्हा देवी, मां चंद्रिका देवी, करपात्री जी महाराज के पुनरुद्धार कार्य और नौजवानों को रोजगार देना अच्छा नहीं लग रहा, क्योंकि नौजवान काम करेंगे तो जातिवाद की राजनीति समाप्त होगी। विपक्ष फिर से जातीय आधार पर समाज का ताना–बाना छिन्न–भिन्न करना चाहता है।

### देश अब कांग्रेस व सपा के चंगुल में नहीं फंसेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राम के अस्तित्व पर प्रहार करने वाली कांग्रेस और रामभक्तों पर लाठी-गोली चलाने वाली समाजवादी पार्टी के मुंह से आस्था की बात अच्छी नहीं लग रही। हिंदू विरासत से जुड़े धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार का पैसा सपा कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल पर खर्च करती थी।

# भारत और इंडोनेशिया की साझेदारी में सुनहरे अध्याय की शुरूआत, दोनों ने अनेक क्षेत्रों में समझौते किये : मोदी

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और इंडोनेशिया ने अपनी समग्र रणनीतिक साझेदारी का एक सुनहरा अध्याय शुरू करते हुए रक्षा, सुरक्षा , महत्वपूर्ण खनिज, समुद्री क्षेत्र, प्रौद्योगिकी और कृषि आदि क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के समझौते किये हैं। इंडोनेशिया की तीन दिन की यात्रा पर गए श्री मोदी ने मंगलवार को राजधानी जकार्ता में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि आज से भारत और इंडोनेशिया की साझेदारी का एक सुनहरा अध्याय शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि 2018 में बनी हमारी समग्र रणनीतिक साझेदारी आज एक नई उड़ान ले रही है। उन्होंने कहा, केरलम हम विकास, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी संस्कृति और शिक्षा हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहे हैं। मुझे विश्वास है, आज से भारत-इंडोनेशिया साझेदारी का एक सुनहरा अध्याय शुरू होगा।' प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच बढ़ता विश्वास हमारी रक्षा, सुरक्षा और समुद्री क्षेत्र में सहयोग को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने आज रक्षा आदान-प्रदान आपदा प्रबंधन और औद्योगिक सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनाई है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा आज हुए समझौतों से भारत की गुणवत्तापूर्ण और किफायती दवाएं अब इंडोनेशिया के नागरिकों को और सहजता से उपलब्ध होंगी। प्रधानमंत्री ने मौजूदा परिस्थितियों में प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों देशों ने महत्वपूर्ण खनिजों और इस्पात के क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने के लिए एक अहम समझौता किया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की कंपनियों के बीच इस्पात और दुर्लभ मैग्नेट को लेकर साझेदारी की नई शुरूआत हो रही है। श्री मोदी ने कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि अब भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई का इंडोनेशिया की भुगतान प्रणाली के साथ एकीकरण होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे व्यापार सुगमता बढ़ेगी और पर्यटन क्षेत्र को भी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की ऐतिहासिक इंडोनेशिया यात्रा का शताब्दी वर्ष धूम-धाम से मनाएंगे। भारत-इंडोनेशिया, इस शताब्दी वर्ष को केरलम टैगोर और देवान्तरा कल्चरल एण्ड एजुकेशनल डिप्लोमेसी। ईयर' के रूप में मनाएंगे। दुनिया के कुछ हिस्सों में चल रहे टकराव पर श्री मोदी ने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल के इस दौर में भारत का मानना है कि संवाद और कूटनीति की भूमिका, पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि फिलस्तीन के विषय पर हम 'दो देश' समाधान और दीर्घावधि शांति का समर्थन करते हैं।

# 'कॉकरोच जनता पार्टी' को राहत, दिल्ली हाई कोर्ट ने अकाउंट बहाल करने का दिया आदेश

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने'कॉकरोच जनता पार्टी' का एक्स हैंडल तुरंत बहाल करने का आदेश दिया है। केंद्र सरकार ने अदालत को बताया कि नीट री-टेस्ट से पहले मची खलबली को रोकने के लिए इस अकाउंट पर रोक लगाई गई थी। सरकार ने कहा कि परीक्षा अब पूरी हो चुकी है, इसलिए अकाउंट से रोक हटाने में अब कोई आपत्ति नहीं है। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा 'कॉकरोच जनता पार्टी' के संस्थापक अभिजीत दिपके की याचिका पर सुनवाई कर रही थीं। दिपके ने 21 मई को अपने एक्स हैंडल को ब्लॉक किए जाने के केंद्र सरकार के फैसले को गलत बताते हुए चुनौती दी थी। कोर्ट के आदेश के कुछ ही देर बाद पार्टी का मूल हैंडल दोबारा शुरू हो गया है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत के सामने अपना पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि 21 जून को होने वाली नीट री-टेस्ट परीक्षा से पहले छात्रों और अभिभावकों के बीच किसी भी तरह की अराजकता या भ्रम को टालने के लिए इस सोशल मीडिया हैंडल को ब्लॉक किया गया था। उन्होंने कहा, 'पार्टी की कई पोस्ट से छात्रों और उनके पेरेंट्स के बीच अव्यवस्था फैल सकती थी। हालांकि, अब परीक्षा खत्म हो चुकी है।' SG मेहता ने कोर्ट से कहा कि इस मोड़ पर ब्लॉकिंग ऑर्डर वापस लेने में कोई दिक्कत नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा, 'मैं सभी से सिर्फ यही अपील करूंगा कि छात्रों के हितों को देखते हुए थोड़ा ज्यादा सतर्क और सावधान रहें।' इस पर जस्टिस शर्मा ने कहा कि क्योंकि नीट परीक्षा पहले ही खत्म हो चुकी है, इसलिए फिक्र की कोई बात नहीं रह गई है। इन हालातों को देखते हुए ब्लॉक करने का आदेश रद्द किया जाता है और याचिका को मंजूर किया जाता है। याचिकाकर्ता अभिजीत दिपके की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट अखिल सिबल ने दलील दी थी कि कॉकरोच जनता पार्टी का अकाउंट एक व्यंग्य था, जिसे संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत संरक्षण हासिल है।

# 'मुख्यमंत्री को क्या करना चाहिए, ये भी कोर्ट तय करेगा?'; सीएम विजय के खिलाफ याचिका पर डीएमके को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के खिलाफ दायर याचिका पर अहम टिप्पणी करते हुए द्रविड़ मुनेत्र कड़गम को कड़ी फटकार लगाई। इतना ही नहीं सर्वोच्च न्यायलय ने DMK की उस याचिका को खारिज भी कर दिया, जिसमें सीएम विजय के करूर भगदड़ पीड़ितों के परिवारों से मिलने के कार्यक्रम पर सवाल उठाए गए थे।

इसके साथ ही कोर्ट ने राज्य सरकार के मंत्रियों द्वारा इस मामले के गवाहों को प्रभावित करने के उद्ङ के आरोपों पर सुनवाई करने से भी पूरी तरह से इनकार कर दिया।

### कोर्ट ने पूछा- सीएम के दौरे पर पाबंदी कैसे लगा सकते हैं?

याचिका पर सवाल खड़े करते हुए न्यायाधीश जस्टिस केवी विश्वनाथन और न्यायाधीष आलोक अराधे की बेंच ने DMK के वरिष्ठ वकील रंजित कुमार से तीखे सवाल पूछे।

कोर्ट ने कहा कि न्यायपालिका भला कार्यपालिका के प्रमुख मुख्यमंत्री के दौरों को कैसे तय या नियंत्रित कर सकती है? इसके साथ ही बेंच ने हैरान होते हुए पूछा कि किसी हादसे के पीड़ितों और उनके परिवारों से मिलना गवाहों को प्रभावित करना कैसे हो गया?

### याचिका वापस लेने या खारिज होने का दिया विकल्प

इसके साथ ही न्यायाधीशों ने सख्त रुख दिखाते हुए DMK के वकील से कहा कि या तो वे खुद इस याचिका को वापस ले लें और कानून के तहत किसी अन्य विकल्प का इस्तेमाल करें, नहीं तो कोर्ट इस याचिका को खारिज कर देगा।

इसके बाद वकील रंजित कुमार याचिका वापस लेने पर सहमत हो गए और सुप्रीम कोर्ट ने इसे वापस ली गई याचिका मानकर खारिज कर दिया।

### अब समधिए DMK ने क्यों दायर की थी याचिका?

बता दें कि DMK सचिव आरएस भारती ने कोर्ट में याचिका दायर कर मांग की थी कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय, राज्य के मंत्री आधव अजुर्ना और मामले के अन्य आरोपियों को इस केस पर सार्वजनिक बयान देने से रोका जाए।

उनकी मांग थी कि सीबीआई जांच पूरी होने तक पीड़ितों के परिवारों के साथ उनकी बातचीत पर नजर रखी जाए या उसे नियंत्रित किया जाए।

इसके अलावा याचिका में उन खबरों का हवाला दिया गया था कि मुख्यमंत्री 10 जुलाई को करूर का दौरा करने वाले हैं, जहां वे मृतकों के परिवारों और घायलों को सरकारी आदेश, अनुकंपा नियुक्तियां और अन्य सहायता लाभ बांटेंगे।

गौरतलब है कि पिछले साल 13 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने करूर में हुई इस भयानक भगदड़ की जांच देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसी सीबीआई को सौंपी थी। इस दर्दनाक हादसे में 41 लोगों की जान चली गई थी।

तब देश की शीर्ष अदालत ने कहा था कि इस घटना ने पूरे देश की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है, इसलिए इसकी निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच होना बेहद जरूरी है।

# राम मंदिर ट्रस्ट में प्रोफेशनल मैनेजमेंट की तैयारी, सीईओ की नियुक्ति पर फैसला जल्द

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी महाराज के अनुसार, ट्रस्ट अपने कामकाज के बेहतर मैनेजमेंट के लिए एक चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (CEO) की नियुक्ति करने पर विचार कर रहा है ताकि प्रोफेशनल ब्यूरोक्रेटिक अनुशासन लाया जा सके। ट्रस्ट के सामने हाल ही में आई समस्याओं का ज़िक्र करते हुए महाराज ने कहा कि यह सब उएड न होने की वजह से हुआ, क्योंकि देखरेख के काम के लिए उस अनुशासन की जरूरत होती है जो प्रोफेशनल ब्यूरोक्रेटिक लोग लाते हैं। हमने यहाँ उस तरह की प्रोफेशनल देखरेख की व्यवस्था नहीं की थी, और नतीजा यह हुआ। इसलिए, हम एक उएड लाएंगे; हमने तीन नामों को चुनने और उनकी सिफारिश करने के लिए एक कमेटी बनाई है, और हम उनमें से किसी एक को चुनेंगे। यह कमेटी संभावित उम्मीदवारों की पहचान करने के लिए बनाई गई है, जिनके आधार पर ट्रस्ट नियुक्ति को अंतिम रूप देगा। महाराज ने चंपत राय पर भी भरोसा जताया, जिन्होंने हाल ही में नैतिक आधार पर ट्रस्ट के जनरल सेक्रेटरी पद से इस्तीफा दिया है। उन्होंने कहा कि चंपत राय की ईमानदारी पर कोई शक नहीं है, लेकिन इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि कुछ लोगों को काम पर रखने में राय ने लापरवाही बरती। उन्होंने साफ किया कि जब मैं कहता हूँ कि वह बेगुनाह हैं, तो मेरा मतलब है कि इस पूरे घोटाले में उनकी कोई निजी भूमिका नहीं हो सकती। मैं उन्हें 32 साल से जानता हूँ, इसलिए मैं उनके ऐसे किसी मामले में शामिल होने के बारे में सोच भी नहीं सकता। यह उनके चरित्र को दिखाता है; उनकी ईमानदारी पर हमें अब भी कोई शक नहीं है। हालाँकि, यह मानना होगा कि उन्होंने अपने काम में लापरवाही बरती; आखिरकार, उन्होंने एक अपराधी को अपना ड्राइवर रखा था। उस आदमी के पास चाबियाँ थीं और वही सब कुछ कंट्रोल करता था।

# गुजरात हाई कोर्ट का फैसला, 38 आतंकियों की फांसी और 11 की उम्रकैद की सजा बरकरार

वेलकम इंडिया, नेटवर्क




**नई दिल्ली।** गुजरात हाई कोर्ट ने मंगलवार को एक बेहद ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए साल 2008 के अहमदाबाद सीरियल बम धमाकों के मामले में निचली अदालत के फैसले पर अपनी अंतिम मुहर लगा दी है। अदालत ने इस जघन्य आतंकी हमले के सभी 38 दोषियों की मौत की सजा (Capital Punishment) को बरकरार रखा है। इसके साथ ही मामले में दोषी पाए गए अन्य 11 आतंकवादियों की उम्रकैद की सजा भी जारी रहेगी। हाई कोर्ट ने इस फैसले के जरिए आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' का कड़ा संदेश दिया है। सीरियल ब्लास्ट केस में, गुजरात हाई कोर्ट ने मारे गए 56 लोगों के परिवारों को 10 लाख रुपये और 200 से ज्यादा घायल पीड़ितों को 1 लाख रुपये का मुआवजा देने का भी आदेश दिया। इस्लामिक आतंकी संगठन हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी ने इन हमलों की ज़िम्मेदारी ली थी। इस बीच, दिल्ली के लाल किले में हुए धमाके के मामले में भी एक और जांच चल रही है, जिसमें नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने धमाके में मारे गए लोगों के शरीर के अंगों से जुड़ी फोरेंसिक रिपोर्ट दाखिल की है। कोर्ट ने फोरेंसिक रिपोर्ट की जांच के लिए मामले को लिस्ट किया। NIA के मुताबिक, तेज धमाके वाले VBIED (गाड़ी में रखे गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) धमाके में 11 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए, साथ ही आस-पास की संपत्ति को भी भारी नुकसान पहुँचा। NIA ने नौ आरोपियों को स्पेशल जज पीतांबर दत्त के सामने पेश किया, जिन्होंने उनकी न्यायिक हिरासत को अगली तारीख तक बढ़ा दिया। कोर्ट ने मामले को 13 जुलाई के लिए लिस्ट किया है। NIA पहले ही शाहीन सईद और अन्य सहित 10 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। जमीर अहमद अहंगर और तुफैल अहमद भट के खिलाफ दाखिल सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर भी पटियाला स्थित NIA कोर्ट में विचार किया जाना बाकी है। NIA ने नवंबर 2025 के दिल्ली ब्लास्ट केस में जमीर अहमद अहंगर, तुफैल अहमद भट और एक फरार आरोपी के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की है। जमीर और तुफैल को फरवरी 2026 में गिरफ़्तार किया गया था। एजेंसी इस मामले में पहले ही मुख्य चार्जशीट दायर कर चुकी है। आरोप है कि जमीर और तुफैल हथियार और गोला-बारूद इकट्ठा कर रहे थे।

# प्रतापगढ़ से सीएम योगी का हमलावर रुख, कांग्रेस-सपा को ललकारा- वक्फ की जमीन का हिसाब दो

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**उत्तर प्रदेश।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राम मंदिर के लिए मिले दान में गड़बड़ी के आरोपों को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर पलटवार किया। उन्होंने सवाल किया कि वक्फ संस्थाओं द्वारा बड़े पैमाने पर जमीन पर कब्जे के मामले पर विपक्ष क्यों चुप रहा। प्रतापगढ़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि वे दूसरे मुद्दों को नजरअंदाज करते हुए चुनिंदा तौर पर हिंदू धार्मिक संस्थानों को निशाना बनाते हैं। मुख्यमंत्री ने पूछा, उस जमीन का क्या हुआ जिस पर वक्फ ने कब्जा कर लिया है? यह सवाल उन्होंने राम मंदिर से जुड़े दान और वित्तीय प्रबंधन के आरोपों को लेकर विपक्ष के हमलों के जवाब में पूछा।

किसी नेता का नाम लिए बिना, आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ पार्टियां मंदिर को लेकर विवाद खड़ा करने की कोशिश कर रही हैं, जबकि करोड़ों भक्तों के लिए इसका बहुत महत्व है। ये बयान राम मंदिर से जुड़े दान और वित्तीय लेन-देन के आरोपों को लेकर चल रही राजनीतिक खींचतान के बीच आए हैं। इस मुद्दे ने विपक्षी दलों को बीजेपी सरकार और मंदिर ट्रस्ट पर निशाना साधने का नया मौका दे दिया है। आदित्यनाथ ने इस मौके का इस्तेमाल बीजेपी के उस पुराने आरोप को दोहराने के लिए किया कि विपक्ष तुष्टिकरण की राजनीतिर करता है और सवाल तभी उठाता है जब मामला हिंदू आस्था और धार्मिक संस्थानों से जुड़ा हो।

मुख्यमंत्री ने प्रतापगढ़ में अपनी सरकार की विकास योजनाओं, जैसे हेल्थकेयर और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का भी ज़िक्र किया और कानून-व्यवस्था, रोजगार और गवर्नेंस के मुद्दों पर पिछली सरकारों पर फिर से निशाना साधा।

## संपादक की कलम से

# विवाहित जीवन में बढ़ता तनाव

विवाह केवल दो व्यक्तियों का ही नहीं, बल्कि दो परिवारों, संस्कृतियों और जीवन मूल्यों का भी मिलन होता है। भारतीय समाज में विवाह को एक पवित्र और आजीवन बंधन माना गया है, जो प्रेम, विश्वास, सम्मान और आपसी समझ पर आधारित होता है। लेकिन बदलती जीवनशैली, आर्थिक दबावों और सामाजिक परिवर्तनों के कारण आज विवाहित जीवन में तनाव बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। आधुनिक जीवन की भागदौड़ ने पति-पत्नी के बीच बिताए जाने वाले समय को कम कर दिया है। पहले परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर बातचीत करने और सुख-दुख साझा करने का अवसर अधिक मिलता था, लेकिन आज व्यस्त दिनचर्या और कार्यस्थल की जिम्मेदारियों के कारण दंपतियों के पास एक-दूसरे के लिए पर्याप्त समय नहीं बच पाता। इससे भावनात्मक दूरी बढ़ने लगती है और छोटी-छोटी बातें भी विवाद का कारण बन जाती हैं। आर्थिक समस्याएँ भी वैवाहिक तनाव का एक प्रमुख कारण हैं। बढ़ती महंगाई, बच्चों की शिक्षा, घर का खर्च और भविष्य की सुरक्षा जैसी चिंताएँ परिवारों पर अतिरिक्त दबाव डालती हैं। जब आर्थिक मामलों में पारदर्शिता और सहयोग की कमी होती है, तब आपसी मतभेद बढ़ने लगते हैं। कई बार वित्तीय अस्थिरता रिश्तों की मधुरता को प्रभावित करती है और तनाव को जन्म देती है। समाज में बदलती भूमिकाओं और अपेक्षाओं ने भी वैवाहिक जीवन को प्रभावित किया है। आज महिलाएँ शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। यह परिवर्तन सकारात्मक है, लेकिन इसके साथ घरेलू जिम्मेदारियों के बँटवारे और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को लेकर नई चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। यदि पति-पत्नी एक-दूसरे की अपेक्षाओं और जिम्मेदारियों को समझने में असफल रहते हैं, तो तनाव उत्पन्न हो सकता है। संवाद की कमी भी वैवाहिक जीवन में बढ़ते तनाव का एक महत्वपूर्ण कारण है। स्वस्थ संबंधों की नींव खुली और ईमानदार बातचीत पर टिकी होती है। जब लोग अपनी भावनाओं, चिंताओं और अपेक्षाओं को व्यक्त नहीं कर पाते, तो गलतफहमियाँ बढ़ जाती हैं। आज सोशल मीडिया और डिजिटल उपकरणों के बढ़ते उपयोग ने भी आमने-सामने संवाद को प्रभावित किया है, जिससे भावनात्मक जुड़ाव कमजोर पड़ सकता है। सोशल मीडिया ने वैवाहिक जीवन में नई चुनौतियाँ पैदा की हैं। लोग अक्सर दूसरों के जीवन की चमक-दमक देखकर अपने रिश्तों की तुलना करने लगते हैं। इससे अवास्तविक अपेक्षाएँ जन्म लेती हैं और असंतोष बढ़ सकता है। वास्तविकता यह है कि हर परिवार और हर रिश्ता अपनी परिस्थितियों और संघर्षों के साथ आगे बढ़ता है। सफल वैवाहिक जीवन के लिए धैर्य, समझदारी और एक-दूसरे को स्वीकार करने की भावना आवश्यक होती है। संयुक्त परिवारों के स्थान पर एकल परिवारों की बढ़ती प्रवृत्ति ने भी दंपतियों की जिम्मेदारियों को बढ़ाया है। पहले परिवार के बड़े-बुजुर्ग अनुभव और मार्गदर्शन प्रदान करते थे, जिससे समस्याओं का समाधान अपेक्षाकृत आसान हो जाता था। आज दंपतियों को अधिकांश निर्णय स्वयं लेने पड़ते हैं, जिससे मानसिक दबाव बढ़ सकता है। वहीं, कई बार पारिवारिक हस्तक्षेप भी तनाव का कारण बनता है, इसलिए संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। मानसिक स्वास्थ्य का प्रभाव भी वैवाहिक जीवन पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। कार्यस्थल का तनाव, चिंता, अवसाद और अन्य मानसिक समस्याएँ व्यक्ति के व्यवहार और रिश्तों को प्रभावित कर सकती हैं। ऐसे समय में एक-दूसरे का सहयोग और आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञों की सहायता लेना अत्यंत महत्वपूर्ण है।



ललित शर्मा
संपादक

# मिलावट है भारत के सपनों पर विषनुमा दाग



ललित गर्ग
लेखक

भारत आज विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत का संकल्प राष्ट्रीय चेतना का हिस्सा बन चुका है। आधुनिक राजमार्ग, बुलेट ट्रेन, डिजिटल क्रांति, अंतरिक्ष में नई उपलब्धियां और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की प्रगति निश्चय ही गौरव का विषय हैं। लेकिन इन सबके बीच एक ऐसा कलंक है, जो इस समस्त प्रगति के माथे पर काले धब्बे की तरह दिखाई देता है-मिलावट। यह केवल खाद्य पदार्थों में मिलावट नहीं, बल्कि मनुष्य की आत्मा, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व में आई मिलावट का भी प्रतीक है। यह किसी भी सभ्य समाज के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है कि एक ओर चिकित्सक रोगियों को स्वास्थ्य लाभ के लिए दूध, घी, फल, पनीर और पौष्टिक आहार लेने की सलाह देते हैं, वहीं दूसरी ओर बाजार में वही दूध डिटर्जेंट और यूरिया से भरा मिलता है, घी में जानलेवा रसायन मिलते हैं, फलों को जहरीले रसायनों से पकाया जाता है और दवाइयों तक में नकलीपन प्रवेश कर चुका है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि आखिर स्वस्थ जीवन की आशा किससे की जाए? नये भारत, विकसित भारत एवं मजबूत भारत का सबसे बड़ा हो- मिलावट-मुक्त भारत।

यह विडंबना केवल उपभोक्ता की नहीं, पूरे राष्ट्र की है। जिस देश की संस्कृति 'अन्नं ब्रह्म' और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' का संदेश देती हो, वहां भोजन ही यदि विष बन जाए तो इससे बड़ी त्रासदी और क्या हो सकती है? हाल के ही दिनों में देश के विभिन्न भागों से मिलावट के अनेक भयावह मामले सामने आए हैं। कहीं हजारों लीटर नकली दूध पकड़ा जाता है, कहीं करोड़ों रुपये का नकली शहद, कहीं मिलावटी घी, मावा और मसाले बरामद होते हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि जीवन बचाने वाली दवाइयों में भी नकली और घटिया सामग्री का उपयोग पाया गया। यह केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध अपराध है। जो व्यक्ति लाभ कमाने के लिए किसी बच्चे, गर्भवती महिला, वृद्ध या बीमार व्यक्ति के भोजन और दवा में जहर घोल देता है, वह केवल व्यापारी नहीं, समाज का अपराधी है।

दरअसल, मिलावट का सबसे बड़ा कारण केवल आर्थिक लालच नहीं, बल्कि नैतिक पतन है। पहले समाज में यह भावना थी कि दूसरों को कष्ट देकर कभी सुख नहीं मिल सकता। लोग ईश्वर, धर्म और समाज की नैतिक मर्यादाओं से डरते थे। आज परिस्थितियां बदल गई हैं। त्वरित धन अर्जित करने की अंधी दौड़ ने संवेदनाओं को कुचल दिया है। अब कुछ लोगों के लिए मुनाफा ही धर्म बन गया है, चाहे उसकी कीमत किसी की जान क्यों न हो। यह स्थिति केवल स्वास्थ्य संकट नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास का भी प्रश्न है। मिलावटी खाद्य पदार्थ कैंसर, किडनी, लीवर, हृदय रोग, हार्मोन असंतुलन और बच्चों में कुपोषण जैसी गंभीर बीमारियों को जन्म देते हैं। इससे स्वास्थ्य सेवाओं पर भारी बोझ बढ़ता है, परिवार आर्थिक संकट में फंसते हैं और राष्ट्र की उत्पादक क्षमता प्रभावित होती है। दूसरी ओर, जब भारतीय खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लगते हैं, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में हमारी विश्वसनीयता भी कमजोर होती है। विकसित भारत का सपना केवल ऊंची इमारतों और तेज आर्थिक विकास से पूरा नहीं होगा; उसके लिए स्वस्थ नागरिक और शुद्ध खाद्य व्यवस्था अनिवार्य है।




विडंबना यह भी है कि हमारे यहां कानून तो हैं, लेकिन उनका प्रभावी क्रियान्वयन नहीं है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, निरीक्षण तंत्र और विभिन्न एजेंसियां मौजूद हैं, फिर भी मिलावट का कारोबार फल-फूल रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण भ्रष्टाचार, निरीक्षण व्यवस्था की कमजोरी, मुकदमों में देरी और दंड का अभाव है। त्योहारों पर कुछ छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई करके प्रशासन अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेता है, जबकि बड़े नेटवर्क अक्सर बच निकलते हैं। जब तक दोषियों को त्वरित और कठोर दंड नहीं मिलेगा, तब तक यह विषैला कारोबार समाप्त नहीं होगा। आज आवश्यकता केवल कानूनों की नहीं, बल्कि कठोर राजनीतिक इच्छाशक्ति की है। हर जिले में आधुनिक खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित हों। मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब गांव-गांव और शहर-शहर पहुंचें। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ब्लॉकचेन आधारित आपूर्ति श्रृंखला और डिजिटल ट्रैकिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके उत्पादन से लेकर उपभोक्ता तक हर स्तर पर निगरानी सुनिश्चित की जाए। नकली दवाइयों और मिलावटी खाद्य पदार्थों के मामलों के लिए विशेष फास्ट ट्रैक अदालतें बनाई जाएं, ताकि कुछ महीनों के भीतर दोषियों को सजा मिल सके। ऐसे अपराधों को सामान्य आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि 'जनस्वास्थ्य के विरुद्ध जघन्य अपराध' घोषित किया जाना चाहिए। लेकिन केवल सरकार सब कुछ नहीं कर सकती। समाज की भी उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी है। उपभोक्ताओं को जागरूक बनना होगा। प्रमाणित उत्पादों का उपयोग, संदिग्ध वस्तुओं की शिकायत, स्थानीय स्तर पर जन-जागरण अभियान और विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा नैतिक शिक्षा का प्रसार अत्यंत आवश्यक है। यदि समाज मिलावट को केवल अपराध नहीं, बल्कि सामाजिक बहिष्कार योग्य कृत्य मानने लगे, तो इस बुराई पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

विकसित भारत का अर्थ केवल आर्थिक समृद्धि नहीं होता। विकसित राष्ट्र वह है जहां नागरिक बिना भय के भोजन कर सकें, जहां दवा जीवन बचाए, जहां व्यापार विश्वास पर आधारित हो और जहां ईमानदारी आर्थिक सफलता का आधार बने। जापान, जर्मनी और अनेक विकसित देशों की सफलता का रहस्य केवल तकनीक नहीं, बल्कि गुणवत्ता और नैतिक अनुशासन भी है। भारत यदि विश्वगुरु बनने का स्वप्न देखता है, तो उसे सबसे पहले अपने बाजार को विश्वास का बाजार बनाना होगा। आज आवश्यकता एक नए राष्ट्रीय अभियान की है-'मिलावट-मुक्त भारत अभियान'। जिस प्रकार स्वच्छ भारत अभियान ने जनभागीदारी से व्यापक परिवर्तन की शुरूआत की, उसी प्रकार मिलावट के विरुद्ध भी राष्ट्रीय आंदोलन खड़ा किया जाना चाहिए। यह केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि जनचेतना का अभियान बने। प्रत्येक नागरिक यह संकल्प ले कि वह न मिलावट करेगा, न मिलावट को बढ़ावा देगा और न ही मिलावट करने वालों को सामाजिक सम्मान देगा।

हमें यह भी समझना होगा कि मिलावट केवल किसी दूसरे के परिवार को नहीं, अंततः पूरे समाज को नुकसान पहुंचाती है। जो व्यापारी आज मिलावट कर रहा है, उसका अपना परिवार भी इसी समाज में रहता है। उसके बच्चे भी इसी हवा में सांस लेते हैं, इसी बाजार से वस्तुएं खरीदते हैं। इसलिए मिलावट वास्तव में दूसरों के लिए नहीं, अपने ही भविष्य के लिए जहर तैयार करना है। स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने पर वर्ष 2047 का भारत तभी वास्तव में विकसित कहलाएगा, जब उसकी पहचान केवल आर्थिक शक्ति से नहीं, बल्कि शुद्धता, विश्वसनीयता और नैतिकता से होगी। हमें ऐसा भारत बनाना है जहां दूध में दूध हो, दवा में दवा हो, भोजन में जीवन हो और व्यापार में विश्वास हो। यही सच्चे अर्थों में आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकसित भारत की पहचान होगी।

भारत की पहचान योग, आयुर्वेद, शुद्ध आहार, नैतिक जीवन-मूल्यों और ह्सर्वे भवन्तु सुखिनःह्व की संस्कृति से रही है। यह पहचान तभी सार्थक होगी जब हमारे भोजन, दवाइयों और उपभोग की वस्तुओं में शुद्धता और विश्वसनीयता सुनिश्चित हो। एक ऐसा भारत, जहां भोजन विश्वास का प्रतीक हो, जहां दवा जीवन का संरक्षण करे, जहां व्यापार नैतिकता पर आधारित हो और जहां उपभोक्ता निश्चिंत होकर बाजार से वस्तुएं खरीद सके-वही विकसित भारत का वास्तविक स्वरूप होगा।

आज समय हमें पुकार रहा है कि हम विकास की ऊंची इमारतों के साथ चरित्र की मजबूत नींव भी रखें। यदि मिलावट समाप्त नहीं हुई, तो हमारी सारी प्रगति खोखली सिद्ध होगी। इसलिए सरकार कठोर कानून बनाए, प्रशासन निर्भीक कार्रवाई करे, न्यायपालिका त्वरित दंड सुनिश्चित करे और समाज नैतिक जागरण का बिगुल फूंके। आइए, आज ही संकल्प लें-'शुद्ध आहार, स्वस्थ परिवार। मिलावट-मुक्त भारत, विकसित भारत का आधार।' यही संकल्प 2047 के भारत को केवल आर्थिक महाशक्ति ही नहीं, बल्कि नैतिक, स्वस्थ और विश्वसनीय राष्ट्र भी बनाएगा।

# गर्म होती पृथ्वी, ठंडी पड़ती समझः भारत का जलवायु सच



प्रो. आरके जैन
लेखक



भारतीय सभ्यता सदियों तक ऋतुओं पर उतना ही भरोसा करती रही, जितना सूर्योदय पर। खेती, नदियाँ, पर्व-त्योहार और जीवन मौसम की नियमित लय पर आधारित थे। किंतु अब प्रकृति चेतावनी दे रही है। अप्रैलझ्रमई 2026 में कई शहरों का तापमान 46झ्र48त्त तक पहुँचा, हीट-स्ट्रोक से जानें गईं और बिजली की मांग लगभग 270 गीगावाट तक पहुँची। जुलाई के आरंभ में मुंबई, पालघर और ठाणे में 200झ्र300 मिमी तथा कुछ स्थानों पर 600झ्र800 मिमी से अधिक वर्षा ने जनजीवन और ढांचे को ठप कर दिया। हिमालय में भूस्खलन, मैदानी क्षेत्रों में बाढ़, तटीय इलाकों में चक्रवात और सूखा बताते हैं कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य नहीं, वर्तमान है। विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यूएमओ), अंतरसरकारी जलवायु परिवर्तन पैनल (आईपीसीसी) और भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) की नवीनतम रिपोर्टें भी इसी निष्कर्ष की पुष्टि करती हैं।

भारत की भौगोलिक विविधता उसकी सबसे बड़ी शक्ति भी है और सबसे बड़ी संवेदनशीलता भी। उत्तर में हिमालय, दक्षिण में हिंद महासागर, विस्तृत तटीय क्षेत्र, विशाल मैदान और शुष्क भूभाग के कारण मौसम का मामूली असंतुलन भी करोड़ों लोगों को प्रभावित करता है। वर्ष 2026 में प्री-मानसून हीटवेव ने दिन-रात दोनों की गर्मी के रिकॉर्ड तोड़े, जबकि असमान मानसून ने कहीं सूखा तो कहीं बाढ़ ला दी।

वैज्ञानिक इसे चरम मौसमी घटनाओं (एक्सट्रीम वेदर इवेंट्स) की बढ़ती आवृत्ति मानते हैं। कंक्रीट का अनियंत्रित विस्तार, नदी तटों पर अतिक्रमण, आर्द्रभूमियों का विनाश और अवैज्ञानिक शहरी नियोजन ने प्राकृतिक आपदाओं को मानवीय त्रासदी बना दिया है। आज अधिकांश आपदाएं प्रकृति से अधिक हमारी विकास नीतियों का परिणाम हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार हीटवेव की अवधि और तीव्रता बढ़ रही है, जिससे पारिस्थितिक संतुलन डगमगाने लगा है।

जलवायु असंतुलन का सबसे गहरा प्रभाव कृषि पर पड़ रहा है, क्योंकि भारत की बड़ी आबादी आज भी मानसून पर निर्भर है। अनिश्चित वर्षा, बढ़ता तापमान, घटती मिट्टी की नमी और प्राकृतिक आपदाएं पारंपरिक खेती को कमजोर कर रही हैं। वर्ष 2015झ्र2021 के बीच अतिवृष्टि से 33.9 मिलियन हेक्टेयर और सूखे से लगभग 35 मिलियन हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई। वर्ष 2026 में एल-नीनो और मानसून की देरी ने खरीफ उत्पादन की चिंता बढ़ा दी। फसल चक्र बिगड़ रहे हैं, पारंपरिक बीज कम प्रभावी हो रहे हैं और सिंचाई लागत बढ़ रही है। इसका असर किसानों की आय से आगे बढ़कर खाद्य सुरक्षा, ग्रामीण रोजगार और अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। यदि यह स्थिति बनी रही, तो कृषि संकट आर्थिक ही नहीं, सामाजिक अस्थिरता का कारण बनेगा। इसलिए जलवायु परिवर्तन को केवल पर्यावरणीय मुद्दा मानना उसकी गंभीरता को कम करके आंकना होगा।

जलवायु परिवर्तन का गंभीर प्रभाव स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। तीव्र गर्मी हीट-स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और हृदय रोग बढ़ा रही है, जबकि बाढ़ के बाद मलेरिया, डेंगू और जलजनित बीमारियां फैल रही हैं। बढ़ता तापमान और वायु प्रदूषण श्वसन रोगों को और गंभीर बना रहे हैं। बच्चे, बुजुर्ग, निर्माण श्रमिक, खेतिहर मजदूर और खुले में काम करने वाले लोग सबसे अधिक जोखिम में हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) चेतावनी दे चुका है कि आने वाले दशकों में जलवायु परिवर्तन सार्वजनिक स्वास्थ्य की सबसे बड़ी चुनौतियों में होगा। वर्ष 2026 की भीषण गर्मी में बिजली की रिकॉर्ड मांग और बिजली संकट ने इस चुनौती को और गहरा किया। भारत जैसे देश में यह केवल स्वास्थ्य नहीं, बल्कि मानवीय गरिमा का भी प्रश्न है।

आर्थिक दृष्टि से भी जलवायु परिवर्तन विकास की गति पर सीधा प्रहार कर रहा है। बाढ़, सूखा, चक्रवात और भूस्खलन हर वर्ष अरबों रुपये की सार्वजनिक-निजी संपत्ति नष्ट कर रहे हैं। सड़कें, पुल, रेलमार्ग, बिजली व्यवस्था और औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखलाएं बार-बार बाधित हो रही हैं। राहत और पुनर्वास पर सरकारी व्यय बढ़ रहा है, जबकि उत्पादन और श्रम क्षमता घट रही है।

विश्व बैंक और आईएमएफ भी इसे केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि आर्थिक स्थिरता के लिए गंभीर खतरा मानते हैं। 2021 में हीट-स्ट्रेस से लगभग 159 अरब डॉलर की आर्थिक क्षति का अनुमान था, जबकि 2024-26 के अनुमानों में यह लगभग 194 अरब डॉलर तक पहुँच चुका है। घटती उत्पादकता, श्रम घंटों की हानि और बढ़ते बीमा दावे बताते हैं कि यदि जलवायु संकट पर समय रहते नियंत्रण नहीं पाया गया, तो विकास की पारंपरिक अवधारणा भी बदलनी पड़ेगी।

इन चुनौतियों के बीच यह भी सच है कि भारत ने भविष्य की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वर्ष 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य, सौर और पवन ऊर्जा का विस्तार, हरित हाइड्रोजन मिशन, इलेक्ट्रिक वाहन नीति, जैव ईंधन को बढ़ावा और वृक्षारोपण अभियान इसी प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका और आपदा पूर्व चेतावनी प्रणालियों का सुदृढ़ीकरण भी उल्लेखनीय है। फिर भी विशेषज्ञ मानते हैं कि केवल सरकारी योजनाएं पर्याप्त नहीं होंगी। वैज्ञानिक शहरी नियोजन, प्रभावी जल निकासी, जल और वन संरक्षण, आर्द्रभूमियों की सुरक्षा तथा स्थानीय स्तर पर जलवायु-अनुकूल विकास मॉडल को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाना ही इस संकट का स्थायी समाधान है।

असल प्रश्न यह नहीं है कि भारत जलवायु आपातकाल घोषित करेगा या नहीं, बल्कि यह है कि क्या हम प्रकृति की लगातार चेतावनियों को समय रहते समझ पाएंगे। विकास और पर्यावरण को विरोधी मानने की सोच अब स्वयं विकास के लिए बाधा बन चुकी है। यदि नीति-निर्माण वैज्ञानिक शोध, विश्वसनीय आंकड़ों और स्थानीय अनुभव पर आधारित हो, तो यही संकट नवाचार और सतत विकास का अवसर बन सकता है। अन्यथा चरम मौसम की घटनाएं हर वर्ष नई सुर्खियां बनेंगी और उनके पीछे छिपा आर्थिक, सामाजिक और मानवीय संकट स्थायी होता जाएगा। बदलते मौसम का सच स्पष्ट है–जलवायु परिवर्तन पर निर्णायक, वैज्ञानिक और सामूहिक कार्रवाई अब केवल पर्यावरण की नहीं, बल्कि भारत के सुरक्षित और सतत भविष्य की अनिवार्य शर्त है।

## हर ख़्वाब परिपूर्ण नहीं होता

किशन भावनानीं



कविता

चाहने से हर ख़्वाब,तकदीर का हिस्सा नहीं होता,
हर मुस्कान के पीछे,खुशियों का किस्सा नहीं होता।
दिल तो चाहता है,हर मंज़िल कदमों में आ जाए,
मगर हर सफर का अंत,मनचाहा जैसा नहीं होता।

पाना तो हर इंसाँ,जहाँ की दौलत चाहता है,
मगर वक़्त हर किसी का,एक–सा कहाँ रहता है।
कभी किस्मत इम्तिहान लेती,कभी हालात रोक लेते,
कभी हालात तो कभी वक़्त साथ नहीं देता

जो बिखरकर भी सँभल जाए,वही सच्चा मुसाफि र है
जो गिरकर फिर उठ खड़ा हो,वही जीवन का माहिर है।
अँधेरों की रात जितनी भी,लंबी क्यों न हो जाए
उम्मीद का सूरज आखिर,हर सुबह फिर जाहिर है।

धैर्य की राह पर चलना,सबसे बड़ी कमाई है
मेहनत की हर बूँद ने ही,सफलता की फसल उगाई है।
जो विश्वास नहीं खोता,वह मंज़िल पा ही लेता है,
ईश्वर की हर देरी में भी,गहरी भलाई का लम्हाँ होता है

हें किशन,न शिकवा रखो,न किस्मत को दोष दिया करो,
हर पल, वक़्त का प्रसाद समझ,मुस्कुराकर जिया करो।
जो आज नहीं मिला,कल उससे बेहतर मिल जाएगा,
विश्वास का दीप जलाकर,जीवन–पथ पर बढ़ा करो।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# किफायत के दिन बीते रे भैया, अब खर्च के दिन आए रे



वीरेंद्र बहादुर सिंह
लेखक

सरकारी दफ्तरों में ऐसा माहौल था, मानो किसी की शादी हो रही हो। एक अधिकारी ने कहा, 'बॉस के लिए 35 लाख रुपए वाली कार हमें छह महीने पहले खरीदनी थी, लेकिन तब आर्डर रोक दिया था। अब नई कार का आर्डर दे दो।'

क्लर्क ने पूछा, 'नई कार का बजट कितना रखें?' अधिकारी झल्लाते हुए बोला, 'अरे मूर्ख, अब युद्ध खत्म हो गया है। पेट्रोल-डीजल के भंडारण पर लगी पाबंदियां हट गई हैं। जितने चाहो उतने गैस सिलेंडर देने की घोषणा भी हो चुकी है। अरे भाई, हॉर्मुज की खाड़ी फिर से खुल गई है, तो अब नई-नई गाड़ियां खरीदो। युद्ध से पहले साहब के लिए 35 लाख की कार लेनी थी, अब युद्ध के बाद 45 लाख वाली मंगाओ।'

क्लर्क बोला, 'साहब, लेकिन वह जो नया सर्कुलर आया था कि अब पेट्रोल की जगह केवल ईवी (इलेक्ट्रिक) कार ही खरीदी जाएगी, उसका क्या करेंगे?'

अधिकारी बोला, 'अरे मेरे भोले भाई, अगर सब लोग ईवी चलाने लगेंगे, तो सरकार का एक लीटर पेट्रोल में पौना लीटर एथेनॉल मिलाने का इरादा कैसे पूरा होगा? पेट्रोल वाली ही गाड़ी मंगाओ।'

उधर दूसरे सरकारी आफिस में भी खूब हलचल मची हुई थी। सचिव मंत्रीजी से पूछने आए, 'सर, आपको गांव में पानी की टंकी के चबूतरे की पहली ईंट रखने के भूमिपूजन कार्यक्रम में जाना है। काफिले में कितनी गाड़ियां रखी जाएं?'

मंत्रीजी ने गला साफ करते हुए पूछा, 'युद्ध से पहले मेरे काफिले में कितनी गाड़ियां होती थीं?'

सचिव ने कहा, 'साहब, पहले आपके काफिले में कुल 27 गाड़ियां चलती थीं। फिर मितव्ययिता के उपाय घोषित हुए तो उन्हें घटाकर 24 कर दिया गया था।'

मंत्रीजी फिर गला साफ करते हुए बोले, 'तो अब मेरे काफिले में 37 गाड़ियां रखो। मुझे कोई ज्यादा ठाठबाट का शौक नहीं है, लेकिन जनता को यह संदेश तो मिलना चाहिए कि अब किफायत के दिन खत्म हो गए हैं।'

इतने में मंत्रीजी की धर्मपत्नी आ गईं। उन्होंने कहा, 'मैं सोच रही थी कि अगर आपके ट्रंप साहब अब खुश हों, तो हम भी सोना खरीदना शुरू कर दें?'

मंत्रीजी भावुक होकर बोले, 'सिर्फ हमारे ही नहीं, तुम्हारे भी नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के ट्रंप साहब अब पूरी तरह खुश हैं। तुम तुरंत जाओ और चंदन हार बनवा लो।'

फिर उन्होंने सचिव से कहा, 'जरा सरार्फा व्यापारियों के संगठन से बात करके मेरा सार्वजनिक सम्मान समारोह रखवाइए। वहां मैं घोषणा कर दूंगा कि विश्व मंच पर देश का प्रभाव बनाए रखने के लिए सोना खरीदना कितना जरूरी है।'

हालांकि, एक दूसरे सरकारी आफिस में माहौल थोड़ा तनावपूर्ण था। बॉस ने घोषणा की, 'अब किफायत के दिन खत्म हो गए हैं, इसलिए पूरे साल में जितने विदेश दौरे करने थे, वे सब मैं अगले एक महीने में ही कर लूंगा। तैयारियां शुरू कर दो।'

लेकिन उनका अकाउंट आफिसर उदास चेहरा लेकर आया। उसने कहा, 'बॉस, विदेश यात्राओं के लिए बजट निकालना थोड़ा मुश्किल हो रहा है।'

बॉस ने पूछा, 'क्यों? क्या तुम भी इजराइल की तरह चाहते हो कि युद्ध चलता ही रहे?'

अकाउंट आफिसर बोला, 'सर, ऐसी बात नहीं है। लेकिन आपके विदेश दौरों के लिए जो बजट बचाकर रखा था, वह सारा 'किफायत अभियान' का प्रचार करने के लिए इन्फ्लुएंसर्स से ढेर सारी रीलें बनवाने में खर्च हो गया।'

बॉस ने लंबी सांस लेते हुए कहा, 'जाने दो, वैसे भी इस समय यूरोप में बहुत गर्मी है। फिर कभी चले जाएंगे।'

# आकाश तोमर को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी, अपना दल (एस) ने संगठन को किया मजबूत

## शैलेंद्र चौधरी सैनिक मंच जिला महासचिव व रवि चौधरी विधान सभा महासचिव नियुक्त

**वेलकम इंडिया ब्यूरो**

**बिजनौर।** अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नई नियुक्तियों की घोषणा की है। पार्टी द्वारा जारी संगठनात्मक व्यवस्था के तहत ग्राम बहादरपुर निवासी आकाश तोमर को जिला उपाध्यक्ष, ग्राम पंचायत मखनपुर के प्रधान रवि चौधरी को नूरपुर विधानसभा महासचिव तथा पूर्व सैनिक व पूर्व ग्राम प्रधान लाम्बाखेडा शैलेन्द्र चौधरी को सैनिक मंच का जिला महासचिव मनोनीत किया गया है।

नियुक्तियों के बाद पार्टी कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय बनाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। अपना दल (एस) उत्तर प्रदेश की प्रमुख राजनीतिक शक्तियों में शुमार है और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का महत्वपूर्ण घटक दल है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन लगातार विस्तार कर रहा है। पार्टी सामाजिक न्याय, किसानों, युवाओं, महिलाओं तथा वंचित वर्गों के अधिकारों और विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाती रही है तथा प्रदेश भर में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर विशेष जोर दे रही है।





नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष आकाश तोमर ने कहा कि अपना दल (एस) केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समान अवसर और जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने वाला एक सशक्त आंदोलन है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में संगठन लगातार आमजन की आवाज को मजबूती प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उसके लिए सदैव आभारी रहेंगे और संगठन की नीतियों को गांव-गांव तथा जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं, किसानों, मजदूरों तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को पार्टी से जोड़ने का अभियान और तेज किया जाएगा। संगठन की मजबूती, कार्यकताओं के सम्मान और जनता के मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर उठाना उनकी पहली जिम्मेदारी होगी। आकाश तोमर ने कहा कि वह पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए जिले में संगठन को नई ऊर्जा देने और अधिक से अधिक लोगों को अपना दल (एस) से जोड़ने का कार्य करेंगे।

नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष। आकाश तोमर ने पार्टी नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उस पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल की नीतियों और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वह पूरी मेहनत से कार्य करेंगे। साथ ही युवाओं को संगठन से जोड़ने, जनसमस्याओं को मजबूती से उठाने और पार्टी को जिले में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने कहा कि संगठन में सक्रिय एवं समर्पित कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपना पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि नई जिम्मेदारियां मिलने के बाद सभी पदाधिकारी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## जिलाधिकारी ने श्रम विभाग के कार्यों की प्रगति को लेकर की समीक्षा, श्रमिकों के पंजीकरण एवं योजनाओं के लाभ पर दिया जाए जोर




**वेलकम इंडिया ब्यूरो**

**हापुड़।** जनपद की कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी कविता मीना की अध्यक्षता में श्रम विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, निर्माण श्रमिकों एवं बाल श्रम निषेध से जुड़े कार्यों की प्रगति की जानकारी की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि ई-श्रम पोर्टल, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में श्रमिकों का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराना सुनिश्चित की जाए। जिन श्रमिकों का पंजीकरण नहीं हुआ है उनके लिए कैंप लगाकर श्रमिकों को चिन्हित कर पंजीकृत किया जाए। पंजीकृत श्रमिकों को सौर ऊर्जा सहायता, कन्या विवाह सहायता, शिक्षा सहायता, मृत्यु एवं विकलांगता सहायता योजना का लाभ समय से दिलाया जाए। लंबित प्रकरणों का निस्तारण 7 दिन में करने के निर्देश दिए। जनपद में बाल श्रम एवं बंधुआ श्रम की रोकथाम हेतु नियमित छापेमारी की जाए। पकड़े जाने पर नियोजकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। निर्माण स्थलों, फैक्ट्रियों एवं उद्योगों में श्रमिकों के लिए सुरक्षा उपकरण, पेयजल, प्राथमिक उपचार एवं शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## गैर जमानती वारंट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नूरपुर(वेलकम इंडिया)।** पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नूरपुर पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। थाना नूरपुर पुलिस ने गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के तहत वांछित आरोपी मोहम्मद रिजवान पुत्र ताहिर उर्फ गामा निवासी मोहल्ला हजरतनगर, कस्बा एवं थाना नूरपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत मामला न्यायालय में विचाराधीन है। आरोपी लगातार न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था, जिसके चलते न्यायालय द्वारा उसके विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। थाना नूरपुर पुलिस ने आरोपी के निवास स्थान पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रोशनलाल सिंह, कांस्टेबल पवन कुमार, कांस्टेबल हिमांशु मलिक शामिल रहे।

# एआईआईए के 75 गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में LIC हापुड़ शाखा में मेडिकल कैंप का आयोजन

**वेलकम इंडिया ब्यूरो**



**हापुड़।** जनपद में ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्प्लॉइज एसोसिएशन (AIIEA) के 75 गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज छक्क हापुड़ शाखा में आरोग्य अस्पताल, आनंद विहार, हापुड़ के सहयोग से एक निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

इस स्वास्थ्य शिविर का संचालन आरोग्य अस्पताल की टीम द्वारा किया गया, जिसमें डॉ. आनंद प्रकाश, गिरीश शर्मा, डॉ. मयंक, राजकुमार शर्मा, ऋतिका, सूरज कुमार एवं सोनवीर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर में लगभग 80 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। मेडिकल कैंप के दौरान आरोग्य सुपर स्पेशलिस्टी हॉस्पिटल के चिकित्सकों की टीम ने लोगों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिए तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित जांच कराने और आवश्यक सावधानियां बरतने के बारे में जागरूक किया। शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी एवं मेटाबॉलिक प्रोफाइल जैसी जांचें उपलब्ध कराई गईं।

इस अवसर पर छक्क हापुड़ शाखा के चीफ मैनेजर श्री मोहन चंद, मैनेजर (प्रशासन) श्री अनिल कुमार, एबीएम एजेंसी श्री गौरव बाबू बघेल, सचिव श्री मोहित त्यागी, प्रेसिडेंट श्री विकास कुमार, श्री पुनीत शर्मा, एसबीए श्री राकेश कुमार, श्रीमती ममता बंसल, डॉ आनंद प्रकाश, गिरीश शर्मा, राज कुमार शर्मा, डॉ मयंक, सोनवीर, रितिका, सूरज कुमार सहित अनेक कर्मचारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों, अभिकताओं एवं आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व को रेखांकित करना रहा। उपस्थित सभी लोगों ने इस पहल की सराहना की और इसे समाजहित में एक उपयोगी प्रयास बताया।

## अपना दल (एस) की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न, आशीष कश्यप बने सक्रिय सदस्य



**वेलकम इंडिया ब्यूरो**

**हापुड़।** अपना दल (एस) की मासिक समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला कार्यालय हापुड़ में जिलाध्यक्ष आदेश त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन विधानसभा अध्यक्ष आर.डी. शर्मा ने किया। बैठक में संगठन की नीतियों को गांव-गांव, घर-घर और प्रत्येक बूथ तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। कार्यकताओं ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा पार्टी का झंडा अभियान चलाकर जन-जन तक पहुंचने का संकल्प लिया। बैठक में वरिष्ठ नेता ब्रजेश कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष आदेश त्यागी ने हाल ही में लखनऊ में आयोजित जन स्वाभिमान कार्यक्रम में शामिल होने वाले हापुड़ के पदाधिकारियों और कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए उनके योगदान की सराहना की। बैठक के दौरान आशीष कश्यप को अपना दल (एस) हापुड़ का सक्रिय सदस्य बनाए जाने की घोषणा भी की गई। इस अवसर पर जिला महासचिव शशि, धौलाना विधानसभा उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह, जोन अध्यक्ष (हापुड़ पश्चिम) अमित आर्य, जोन अध्यक्ष (उत्तर) अमित त्यागी, जिला कार्यकारिणी सदस्य मोहित त्यागी, जिला कोषाध्यक्ष अनिल त्यागी, जोन अध्यक्ष (पूर्व) प्रदीप कुमार शर्मा, विधानसभा उपाध्यक्ष संजय कुमार शर्मा सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण को लेकर कांग्रेस की 'सद्बुद्धि पदयात्रा' प्रशासन ने रोकी, जिला मुख्यालय पर हुआ विरोध प्रदर्शन

**वेलकम इंडिया ब्यूरो**



**हापुड़।** अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मुद्दे को लेकर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार को प्रस्तावित 'सद्बुद्धि पदयात्रा' प्रशासन की अनुमति न मिलने के कारण शुरू होने से पहले ही रोक दी गई। जिला कांग्रेस मुख्यालय पर भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कांग्रेस कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए चढ़ावा चोरी के आरोपियों को सद्बुद्धि देने की ईश्वर से प्रार्थना की और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस के अनुसार पदयात्रा का शुभारंभ तहसील चौराहा स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा से होकर बुलंदशहर रोड स्थित मां मनसा देवी मंदिर तक होना था। अनुमति न मिलने पर सीओ अनीता चौहान, एसएचओ मनीष चौहान तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं को जिला कांग्रेस कार्यालय से आगे नहीं बढ़ने दिया। इस दौरान एसडीएम इला प्रकाश भी मौके पर मौजूद रहीं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश त्यागी और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि सरकार पदयात्रा को रोक सकती है, लेकिन कांग्रेस की आवाज को नहीं दबा सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की घटना से करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था आहत हुई है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि आरोपियों की पहचान होने के बावजूद उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई और एफआईआर दर्ज करने में देरी क्यों की जा रही है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष इरफान अहमद ने आरोप लगाया कि सरकार चढ़ावा चोरी के आरोपियों को संरक्षण देने का काम कर रही है और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई से बच रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को लगातार उठाती रहेगी।

विरोध प्रदर्शन के दौरान पिलखुआ नगर अध्यक्ष रजनीश त्यागी, गढ़मुक्तेश्वर नगर अध्यक्ष मुकेश कौशिक, मानवी सिंह, दीपक मोघे, एडवोकेट रघुवीर सिंह, आई.सी. शर्मा, डॉ. फराहीम, रामलाल आर्य, पंकज चौधरी, प्रवीण शर्मा, यशपाल ढीलोर, इकबाल प्रधान, मजहर खान, सुखपाल गौतम, पवन कौशिक, सौरभ शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जनसुनवाई पर भी पड़ा बारिश का असर: तीन समस्याओं में से एक का हुआ समाधान




**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** दोपहर में आयी तेज बारिश का प्रभाव आज नगर निगम की जनसुनवाई पर भी पड़ा। आज मात्र तीन व्यक्तियों ने ही अपनी समस्याओं के निदान के लिए प्रार्थना पत्र दिए। इनमें से एक सफाई सम्बंधी तथा दो अतिक्रमण सम्बंधी समस्याएं रही। वार्ड 45 खुमरान रोड निवासी शाह अब्दुल्ला रोड पर बारिश के कारण फैली गंदगी की सफाई के लिए प्रार्थना पत्र लेकर पहुंचे जिस पर नगरायुक्त ने तुरंत क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई मित्र को भेजकर रोड की सफाई कराकर समस्या का समाधान करा दिया। वार्ड 25 गणेश नगर कोरी माजरा निवासी रमेश चंद ने कोरी माजरा डिपो वाली गली के बीच रास्ते में खडे. पीलर को हटाने तथा वार्ड 26 मानकमऊ निवासी जगदीश प्रसाद ने गंगोह रोड दुकानों के सामने लगाए जा रहे गेट को रुकवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। दोनों मामलों में नगरायुक्त ने प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक

**वेलकम इंडिया ब्यूरो**




**हापुड़।** जनपद की जिलाधिकारी कविता मीना की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कुंवर ज्ञानेंजय सिंह, पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, सुश्री श्रुति शर्मा मुख्य विकास अधिकारी, श्रीराम यादव उपजिलाधिकारी गढमुक्तेश्वर, रमेश चन्द्र पाण्डेय, उपजिलाधिकारी धौलाना, गौतम सिंह प्रभागीय वनाधिकारी, डा.ओ0पी0 मिश्रा, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, हापुड़, छवि सिंह,सहायक सम्भागीय अधिकारी, हापुड़, डॉ.हरित कुमार आदि अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें। प्रभागीय वनाधिकारी, हापुड़ के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हापुड़ में इस वर्ष 12,64,700 पौधे रोपित किये जाने है। दिनांक 12.07.2026 को एक ही दिन में किये जाने वाले वृक्षारोपण समस्त विभागों के द्वारा गढड़ा खुदान तथा पौध की मांग पूर्ण कर ली है। वन विभाग द्वारा समस्त विभागों को पौधशालओं से इण्डेट जारी कर दिये गये है। समस्त विभाग पौधशालाओं से पौध उठान कर रहे है। समिति अध्यक्ष के द्वारा निर्देश दिये गये कि रोड़ के किनारे एक ही प्रजाति का रोपण किया जायें। समिति अध्यक्ष के द्वारा समस्त सम्बन्धित विभागो से अपेक्षा की गयी कि 'एक पेड़ मॉ के नाम' तथा 'हर मेड पर पेड' थीम के अन्तर्गत जनसहभागिता के सहयोग से वृक्षारोपण कराया जायें। ब्लूटूथ स्पीकर पर देशभक्ति के गीत चलाये जायें। बाऊंड्री वॉल न हो तो बॉस व करौंदा के पेड लगाये जायें। बडा कार्यक्रम कराकर फोटोग्राफी/वीडियोंगाफी की जायें। गौशाला में ट्रीगार्ड के साथ कंजी के पौधें रोपित किये जायें। सभी लोग अपने परिवार के साथ वृक्षारोपण करें जिससे पर्यावरण को बचाया जा सके। प्रत्येक स्कूल में पौधारोपण की मॉनिटरिंग करें। बैनर लगाकर वृक्षारोपण कराया जायें। वृक्षारोपण के दिन ग्रीन ड्रेस कोड में वृक्षारोपण किया जाये। विभागीय मंत्री जी को वृक्षारोपण कार्यक्रम में आमंत्रित किया जायें।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई शिक्षा विभाग की गहन समीक्षा, निपुण लक्ष्य एवं स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं पर दिया जाय बल



**वेलकम इंडिया ब्यूरो**

**हापुड़।** जनपद के सभी विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता, नामांकन, भौतिक सुविधाओं एवं सरकारी योजनाओं का छात्राओं को दिलाए लाभ कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी कविता मीना की अध्यक्षता में बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद के विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता, नामांकन, भौतिक सुविधाओं एवं सरकारी योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा की गई।

# वन विभाग की अनदेखी गरीब मजदूर पर पड़ी भारी

## गरीब मजदूर पर जंगली हाथी ने किया हमला , मुआवजे की की जा रही मांग

**वेलकम इंडिया ब्यूरो**



**अफजलगढ(वेलकम इंडिया)।** जीवों को सुरक्षित और संरक्षित रखने की आवश्यकता हैं। प्राकृतिक मित्र एवं शिवसेना जिलाध्यक्ष चौ.संजय राणा ने बताया कि विडंबना ही है कि आज रक्षक ही भक्षक बने हैं। वन्य क्षेत्र कालागढ से सटे ग्राम जामनवाला, लड्डूवाला एवं रसूलपुर आबाद में लकड़ी माफिया वन विभाग की मिलीभगत से बेझिझक लगातार पेड़ काटते चले जा रहे हैं जिससे वन्यजीवों का आश्रय समाप्त होता जा रहा है । जांच के नाम पर मात्र खानापूर्ति की जाती है । जबकि जीवों और पर्यावरण का बहुत गहरा संबंध है। प्रकृति के बिना जीवन संभव नहीं है। वर्तमान में हर कोई व्यक्ति इस बात को जानकर भी अनजान बना हुआ और प्रकृति को लगातार नुकसान पहुंचा रहा है। जब पेड़ संकट में पड़ जाता है, यानी जब उसे काटा जाता तो उन वन्य जीवों, पक्षियों, चिड़िया, गिलहरियों और तितलियों का क्या होता है, वह सब कहां जाते हैं ? आश्रय एवं भोजन की तालाश में वन्य जीव हाथी, तेंदुआ एवं वाघ आदि आबादी की ओर आकर जनजीवन को क्षति पहुंचते हैं। वन विभाग की घोर लापरवाही के चलते आए दिन जंगली जानवरों से हिंसक घटनायें हो रही हैं। एक गरीब मजदूर मोहम्मद अकरम पुत्र मोहम्मद उमर निवासी ग्राम पुराना कालागढ़ को 30 जून की शाम को उनके घर के पास हाथी ने हमला कर दिया, जिसने मुहम्मद अकरम बुरी तरह से घायल हो गया काफी गंभीर चोटें आई हैं। सूचना देने पर वन विभाग के दरोगा सत्यवीर सिंह यादव काफी लेट पहुंचे और किसी प्रकार की कोई भी कार्रवाई नहीं की और वापस आ गए। जबकि घटना की जानकारी मिलते ही चौ.संजय राणा के नेतृत्व में शिव सैनिक सरदार कुलदीप सिंह, मनवीर सिंह यादव, महेन्द्र सिंह सिरोही, परशुराम जी, मेहराज खान पिंकू ,प्रेम सिंह, सोनू, आदि उनके घर पर पहुँचकर पीड़ित व उनके परिवार से घटना की जानकारी ली। उसके बाद तुरन्त मेडिकल कराने के लिए सीएचसी अफजलगढ़ ले गए जहां पर प्रभारी चिकित्सक ने पूरी जानकारी लेते हुए कागज तैयार कराकर बिजनौर के लिए रैफर कर दिया। चौ.संजय राणा आदि क्षेत्रीय लोगों ने वृक्षों के अवैध कटान को रोकने एवं पीड़ित को मुआवजा दिलाने की मांग की है ।

## मेडिकल कॉलेज शुरू न होने से रामपुर की जनता बेहतर इलाज से वंचित

**गुलजार आलम**



**रामपुर(वेलकम इंडिया)।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के कार्यालय कॉलोनी से प्रतिनिधि मंडल कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुआ कलेक्ट्रेट में जाकर सिटी मजिस्ट्रेट सालिक राम को एक अनुरोध पत्र सौंपा इस पर संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल ने कहा कि पी पी ई मोड पर प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज संचालन हेतु 100 बीघा भूमि ग्राम जगतपुर व ग्राम बेनजीर की अधिग्रहण की कार्यवाही की गई है कॉलेज स्वीकृत हो चुका है लेकिन भूमि अधिग्रहण कार्यवाही पूर्ण न होने से मेडिकल कॉलेज पूर्ण रूप से शुरू नहीं हो पा रहा है मेडिकल कॉलेज शुरू न होने से जनपद रामपुर के समस्त व्यापारी व आम जनता समय से बेहतर इलाज न मिल पाने से तड़प रहे हैं इलाज ट्रीटमेंट के नाम पर जनता को मुरादाबाद, बरेली, दिल्ली जाकर धक्के खाने पड़ रहे हैं इस पूरी भूमि की हस्तानांतरण कार्यवाही में हो रही देरी की पूर्ण जिम्मेदारी भू व्यवस्था एवं भूमि सुधार जनपद रामपुर की है क्योंकि उपरोक्त हस्तांतरण के संबंध में पूर्व में भी अनेकों बार स्वास्थ्य विभाग द्वारा अपर प्रभारी अधिकारी भू व्यवस्था एवं भूमि सुधार को कार्यवाही प्रेषित की जा चुकी है भूमि हस्तानांतरण में देरी का खामयाजा रामपुर जनपद की जनता भुगत रही है जबकि व्यापार मंडल द्वारा लंबे प्रयास उपरांत स्वीकृत कराई गई एमआरआई मशीन संचालक भी जिला चिकित्सालय में शुरू किया जाना अति आवश्यक है जनपद में डॉक्टरों की भारी कमी है जैसे हार्ड, लिवर, किडनी, न्यूरो ,आंख नाक कान गला, जनरल फिजिशियन आदि डॉक्टरों की सख्त आवश्यकता है इन महत्वपूर्ण रोगों के डॉक्टर ना होने से जनता को स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा है

# मानसी गंगा में स्नान व आचमन नहीं कर पा रहे श्रद्धालु, प्रशासन भी डूबने जैसी घटनाओं को रोकने के लिए जुटा

## श्रद्धालु बोले मानसी गंगा जैसी पवित्र जगह पर धरना प्रदर्शन कर राजनीति करना गलत

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/गोवर्धन।** करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र गिरिराज धाम स्थित पतित पावन मानसी गंगा पर हो रहे धरना प्रदर्शन को लेकर आस्थावान श्रद्धालु व्यथित हैं। श्रद्धालु आचमन व स्नान से कतरा रहे हैं। हालांकि आगामी 15 दिन बाद आ रहे मुड़िया मेला में प्रशासन द्वारा मानसी गंगा में बेरीकेडिंग कर फब्बारे लगाकर स्नान कराया जाता है। प्रशासन मुड़िया पूर्णिमा मेला की तैयारियों में जुट गया है। गौरतलब है कि मानसी गंगा में विगत दिनों पूर्व स्नान के दौरान डूबने से कई लगातार मौतों के बाद लोगों में आक्रोश पनपने लगा, हालांकि प्रशासन द्वारा जगह जगह कुंड गहरा होने के फ्लैक्स के नोटिश बनाकर लगाए और घाटों पर स्नान के दौरान पकड़ने के लिए चेन भी लगाई हैं। लेकिन इसी मानसी में डूबने की घटनाओं को लेकर अपने को कथित समाजसेविका कहने वाली विनोदी सिंह ने अपने अन्य महिला व पुरुष साथियों के साथ मथुरा- वृंदावन विकास प्राधिकरण के यात्रियों की सुविधाओं के लिए बनाए सुलभ कॉम्प्लेक्स के एक ओर परिसर में अपना आश्रय स्थल बनाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। प्रशासन द्वारा धरना प्रदर्शन खत्म करने के लिए प्रदर्शनकारियों से कई बार अनुरोध किया लेकिन प्रशासन की बात को नकार दिया। विगत दिनों पूर्व भगवा वेशधारी एक साध्वी ने इस धरना प्रदर्शन को खत्म करने के लिए प्रदर्शन कारियों कहा लेकिन बात नहीं मानी है। वहीं मानसी गंगा जैसे पवित्र तीर्थ स्थल पर प्रदर्शन कर राजनीति करने वालों से श्रद्धालु आहत हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि मानसी गंगा आस्था और विश्वास का केन्द्र है, लेकिन प्रदर्शनकारी मानसी गंगा को लेकर हित की बात न करके राजनीति कर रहे हैं। ऐसा नहीं। होना चाहिए। प्रशासन को भी आगे घटनाओं को रोकने के लिए स्थाई इंतजाम करना चाहिए। दिल्ली से आई महिला श्रद्धालु श्वेता गोयल ने बताया कि मानसी गंगा भगवान श्रीकृष्ण के मन से उत्पन्न हुई है। लेकिन यहां इतना डर और भय का माहौल बना दिया है कि स्नान व आचमन करने में भी डर लग रहा है। धार्मिक स्थानों पर तीर्थ यात्रियों के सुविधाएं करनी चाहिए, न कि डराना चाहिए। जयपुर निवासी विनय जेमन ने बताया कि धार्मिक स्थानों पर धरना प्रदर्शन बंद होने चाहिए।



### प्रदर्शनकारियों ने सरकारी कॉम्प्लेक्स परिसर को बनाया आश्रय स्थल

#### मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण भी नहीं दे रहा है ध्यान

गोवर्धन के मानसी गंगा के निकट बने सुलभ कॉम्प्लेक्स को प्रदर्शन कारियों ने आश्रय स्थल बना लिया है। जबकि उसकी कॉम्प्लेक्स में तीर्थयात्री व जरूरतमंद लोग विश्राम करते हैं। तीर्थयात्रियों को भी धरना करने वाले लोगों से परेशानी हो रही है। इस सम्बन्ध में एमवीडीए ने भी कोई कार्यवाही नहीं की है। सरकारी कॉम्प्लेक्स के परिसर का पीछे का हिस्सा पूरा घेर लिया गया है।



### मुड़िया पूर्णिमा मेला नजदीक, नहीं हटे प्रदर्शनकारी

मानसी गंगा पर प्रदर्शन में मुख्य भूमिका निभाने वाली विनोदी सिंह क्षेत्र के नजदीक एक गांव की रहने वाली महिला है। उसके साथ गांव के ही कुछ महिला पुरुष जुड़े हैं और उसका साथ दे रहे हैं। आगामी राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन व्यवस्थाओं में जुटा है। लेकिन कई बार प्रशासन के प्रयास के बाद विनोदी सिंह अपना धरना प्रदर्शन बंद नहीं कर रही है। बताया गया कि पूर्व में वह अपनी मांगों को लेकर तहसील परिसर में बनी पानी की टंकी पर चढ़ चुकी है। जबकि सात साल पूर्व में रेलवे के अंडर पास के निर्माण के विरोध रेलवे ट्रैक को जाम कराने में अहम भूमिका निभाई थी। प्रशासन मेला के मद्देनजर धरना प्रदर्शन को खत्म कराना चाहता है।

मानसी गंगा की व्यवस्थाओं की देखरेख नगर पंचायत प्रशासन द्वारा की जाती है, इसके साथ ही मुकुट मुखारविन्द मंदिर व अन्य संस्थाओं का सहयोग रहता है। मानसी गंगा में डूबने जैसी घटनाओं को रोकने के लिए कदम उठाये हैं। कुंड के गहरा होने की सूचना के लिए नोटिस चस्पा किया हैं। चेन लगाई है। आसपास के लोगों को जागरूक किया गया है कि यहां आने वाले तीर्थयात्रियों को मानसी गंगा में स्नान के दौरान अंदर जाने से मना करें। घाट पर बैठकर स्नान व आचमन करें। मुड़िया मेला में इस बार भी बेरीकेट कर फब्बारे से स्नान कराया जायेगा।

**सुशील कुमार सिंह,**
**एसडीएम गोवर्धन**

# नवागत थाना प्रभारी अभय कुमार शर्मा ने लिया बलदेव में चार्ज



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/बलदेव।** हाल ही में एसएसपी मथुरा द्वारा एसएसआई वृंदावन अभय कुमार शर्मा को थाना बलदेव का थानाध्यक्ष बनाया गया है। चार्ज लेने के बाद उन्होंने बताया कि उच्च अधिकारियों के निदेशों का पालन करते हुए थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि गश्त को बढ़ाया जाएगा। थानाध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि उनका मुख्य लक्ष्य आम जनता में विश्वास और अपराधियों में भय का माहौल बनाना है। थाने में आने वाले परिवादियों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर उनका समय पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की है कि थाना क्षेत्र में कहीं भी कोई अपराध होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस मौके पर पहुंचकर तुरंत कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण, शांति व्यवस्था कायम रखना व नागरिकों के बीच पुलिस की बेहतर कार्य कुशलता व छवि प्रस्तुत करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। आचार्य मनीष गगार्चार्य, युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा, गोकुलेश सविता,देव अग्रवाल,चंद्रपाल सिंह देशवार आदि ने नवागत थानाध्यक्ष का सम्मान कर बधाई दी।

# कारी दानिश की देखरेख में कोटरा में ऐतिहासिक धार्मिक जलसा सम्पन्न, अमन, इंसानियत और शिक्षा का गूंजा पैगाम

वेलकम इंडिया संवाददाता



**शुजागंज(अयोध्या)।** रूदौली तहसील क्षेत्र के ग्राम कोटरा में कारी दानिश की देखरेख एवं कुशल नेतृत्व में आयोजित भव्य धार्मिक जलसा अकीदत, अनुशासन और शानदार इंतजामात के साथ सम्पन्न हुआ। जलसे में क्षेत्र ही नहीं बल्कि दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर उलेमा-ए-किराम के इल्मी बयानों से दीन की अहम बातें सीखीं। पूरे आयोजन में धार्मिक जोश, भाईचारे और रूहानियत का अद्भुत माहौल देखने को मिला। जलसे की सरपरस्ती कारी जाकिर साहब ने की, जबकि मुख्य वक्ता मौलाना फुरकान मंजरी साहब (बरेली शरीफ) रहे। उन्होंने अपने प्रभावशाली बयान में कुरआन व हदीस की रोशनी में इंसानियत, मोहब्बत, भाईचारे, अच्छे अखलाक, शिक्षा और समाज में अमन-चैन कायम रखने का पैगाम दिया। उन्होंने कहा कि एक अच्छा समाज वही है जहाँ इंसानियत, इल्म और आपसी सम्मान को सबसे अधिक महत्व दिया जाए। जलसे में मशहूर नातख्वां अजमत भागलपुरी साहब ने अपने दिलकश अंदाज में नात-ए-पाक पेश कर महफि ल को रूहानियत से सराबोर कर दिया। उनकी नात सुनकर उपस्थित अकीदतमंदों ने खूब दाद पेश की। कार्यक्रम के समापन पर मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली, तरक्की और कौमी एकता के लिए विशेष दुआ कराई गई। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और व्यवस्था अनुकरणीय रही। इस अवसर पर मोहम्मद अनस, पत्रकार फतेह खान सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। भारी संख्या में अकीदतमंदों की उपस्थिति से पूरा पंडाल भरा रहा.।

# 'मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना' के तहत तीन माह की धनराशि डीबीटी के माध्यम से बच्चों के खाते में



वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने 'मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना' के तहत अप्रैल, मई और जून 2026 की कुल 4 करोड़ 39 लाख से अधिक की धनराशि सीधे डीबीटी के माध्यम से कोरोना महामारी में अपने माता-पिता या संरक्षकों को खो चुके बच्चों के बैंक खातों में ट्रांसफर की। उन्होंने बताया कि इस त्रैमासिक बजट के तहत अप्रैल माह में 4,917 बच्चों को 1.47 करोड़, मई में 4,879 बच्चों को 1.46 करोड़ और जून माह में 4,848 लाभार्थियों को 1.45 करोड़ से अधिक की राशि (3000 प्रति माह के मान से) जारी कर उन्हें आर्थिक संबल दिया है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इन बच्चों के भरण-पोषण और उनके चेहरों पर खुशियां लौटाने वाली इस मानवीय व संवेदनशील योजना के निरंतर संचालन के लिए मैं माननीय मुख्यमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। इस अवसर पर कैंप कार्यालय में विभागीय निदेशक श्री बंशीलाल राणा, मुख्य परिवीक्षा अधिकारी श्रीमती अंजना गुप्ता एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएस ने श्री केदारनाथ-बद्रीनाथ से सम्बन्धित कार्यों की विस्तार से जानकारी ली

वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन ने सचिवालय में श्री केदारनाथ पुनर्निर्माण और पुनर्विकास कार्य एवं श्री बदरीनाथ मास्टर प्लान कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने श्री केदारनाथ पुनर्निर्माण से सम्बन्धित कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक कार्य के भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के साथ ही पूर्ण होने की समयसीमा की जानकारी ली।

मुख्य सचिव ने कहा कि श्री केदारनाथ धाम में जिन 6 ब्लॉक्स का कार्य शुरू किया जाना है, उन्हें तत्काल शुरू कराया जाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण कराए जाने हेतु प्रत्येक कार्य की लगातार मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग को श्री केदारनाथ धाम यात्रा क्षेत्र के लिए एक



व्यापक एवं एकीकृत कूड़ा प्रबंधन योजना तैयार किए जाने के निर्देश दिए हैं, ताकि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार के कूड़े के डिस्पोजल की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

मुख्य सचिव ने श्री बदरीनाथ मास्टरप्लान फेज 1 और फेज 2 के कार्यों की प्रगति की भी विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक कार्य की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी ली एवं प्रत्येक कार्य के पूर्ण होने की समयसीमा के अनुसार कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट में निहित सभी प्रकार के कंटेंट और आर्ट वर्क को साथ साथ शुरू कराया जाए।

मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि श्री केदारनाथ धाम एवं श्री बदरीनाथ धाम में जो भी असेट्स एवं सुविधाएं स्थापित की जा रही हैं, उनके ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस के लिए फ्रेमवर्क तैयार कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि इनके संचालन के लिए संस्थाएं पूर्व निर्धारित रहेंगी तो हैंड ओवर करने के उपरांत मेंटेनेंस आदि की जिम्मेदारी निर्धारण में सहायता मिलेगी।

इस अवसर पर सचिव श्री धीरज गर्ब्याल, अपर सचिव श्री विनीत कुमार एवं सम्बन्धित जनपदों से जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल में सहारनपुर मंडल की बॉक्सिंग टीम का हुआ चयन



**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** बॉक्सिंग खेल के मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल में मुक्केबाजो ने प्रतिभाग कर अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। क्रीडाधिकारी राहुल चोपडा ने जानकारी देते हुए बताया कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं यू.पी. बॉक्सिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक बाक्सिग प्रतियोगिता चित्रकूट में आयोजित की जायेगी। प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक बॉक्सिग प्रतियोगिता हेतु सहारनपुर मंडल की टीम हेतू मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मे किया गया। जिसमे सहारनपुर मंडल की टीम का चयन किया गया। क्रीडाधिकारी राहुल चोपडा ने बताया कि चयन ट्रायल में 44-46 किग्रा. में विशु पाल (सहारनपुर), 48 किग्रा. में निहाल राठी (मुजफ्फरनगर), 50 किग्रा. में अर्जुन चौहान (शामली), 52 किग्रा. में यश (मुजफ्फरनगर), 54 किग्रा. में अभय प्रताप विश्वकर्मा (सहारनपुर), 57 किग्रा. में अर्पित आर्य (सहारनपुर), 60 किग्रा. में देवांश (सहारनपुर), 63 किग्रा. में आयुष प्रताप सिंह (सहारनपुर), 66 किग्रा. में अंगद (मुजफ्फरनगर), 80+ किग्रा. में यशदेव (सहारनपुर) का चयन किया गया।

# मिशन 2027 को लेकर कांग्रेस ने तेज की तैयारियां, संगठन मजबूती पर हुआ मंथन

## आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों में जुटें कार्यकर्ता, जन-जन तक पहुंचाएं कांग्रेस सरकार की उपलब्धियां

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र के कोऑर्डिनेटर एवं किसान कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित कार्यालय में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नवनियुक्त उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र में चल रही संगठनात्मक गतिविधियों, जनसंपर्क अभियानों तथा एसआईआर प्रक्रिया के अंतर्गत गढ़बड़ी पर कार्यकताओं द्वारा लगातार नजर रखने संबंधी कार्यों से अवगत कराया।



ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत ने उत्तर प्रदेश प्रभारी को बताया कि गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार गांव-गांव पहुंचकर लोगों को पार्टी की नीतियों एवं जनहित के मुद्दों से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में युवाओं, किसानों एवं आम जनता के बीच कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए उनकी टीम लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत एवं उनकी टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर कार्यकताओं की सक्रियता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्होंने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकताओं को अभी से पूरी मजबूती के साथ जनता के बीच रहने और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का संदेश दिया। इस अवसर पर आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों, संगठन विस्तार, जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर भी सार्थक चर्चा हुई। बैठक को लेकर क्षेत्रीय कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखा गया।

# 18 जुलाई को सहारनपुर में गरजेंगे असदुद्दीन ओवैसी, 62 फुटा रोड पर होगी विशाल जनसभा

वेलकम इंडिया संवाददाता



**सहारनपुर।** आगामी 18 जुलाई को सहारनपुर में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी का आगमन प्रस्तावित है। उनके दौरे को लेकर पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है तथा जनसभा की तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

पार्टी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, असदुद्दीन ओवैसी 18 जुलाई को शाम 5 बजे सहारनपुर पहुंचेंगे। इसके बाद वे 62 फुटा रोड स्थित मंडी समिति के निकट, चिलकाना नया बस स्टैंड पर आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। बताया जा रहा है कि जनसभा के दौरान वे पार्टी की आगामी राजनीतिक रणनीति, प्रदेश के राजनीतिक हालात और स्थानीय जनसरोकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम को लेकर अक्टक्ट पदाधिकारी और कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान चलाने के साथ-साथ सभा स्थल की तैयारियों में जुटे हुए हैं। पार्टी नेताओं का दावा है कि जनसभा में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी होने की संभावना है, जिसके मद्देनजर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# मथुरा में साइबर अपराधियों पर पुलिस का बड़ा एक्शन, कई संदिग्ध हिरासत में

## आईपीएस एसपी देहात सुरेश चंद्र रावत के नेतृत्व में पुलिस ने खंगाले चार गांव, भारी पुलिसबल रहा मौजूद

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण के निर्देश पर जनपद मथुरा में साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर हॉटस्पॉट चिन्हित व कई संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के द्वारा जनपदभर में साइबर अपराधियों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार सुबह करीब 5




बजे से पुलिस टीमों द्वारा चिन्हित साइबर हॉटस्पॉट क्षेत्रों में लगातार छापेमारी की जा रही है। इस दौरान कई संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि जनपद के चार अलग-अलग थाना क्षेत्रों के चिन्हित गांवों में पुलिस की टीमें कार्रवाई कर रही हैं। छापेमारी के दौरान मोबाइल फोन समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। अभियान में ड्रोन कैमरों और अन्य तकनीकी संसाधनों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति साइबर अपराध में संलिप्त पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ऑपरेशन अभी जारी है और पूछताछ व गिरफ्तारी से संबंधित विस्तृत जानकारी बाद में उपलब्ध कराई जाएगी। ऑपरेशन का नेतृत्व एसपी देहात आईपीएस सुरेश चंद्र रावत के द्वारा किया गया। साइबर अपराधियों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाकर जनपद को साइबर अपराध से मुक्त कराने के लिए पुलिस प्रशासन की बड़ी पहल है। भारी पुलिसबल के साथ मौके पर जाकर जानकारी एकत्रित व संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की जा रही है।

# कारगिल शहीद राजेश बैरागी कीं पुण्य तिथि पर किया भावपूर्ण स्मरण

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गंगोह।** कारगिल शहीद राजेश बैरागी की 28वीं पुण्य तिथि पर भावपूर्ण स्मरण करते हुए देश की अस्मिता की खातिर मर मिटने की सौगन्ध ली गई। हालांकि अब तमाम राजनेताओं व शासन प्रशासन ने शहीद की शहादत को भूला दिया है। समाधि पर आज केवल परिजन, जिलापंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान और भाजपा नेता व ग्रामीण ही पहुंचे। गांव जेहरा निवासी लांस नायक राजेश बैरागी 1999 में पाकिस्तान से हुई कारगिल की लड़ाई में दुश्मनों के दांत खट्टे करते हुए शहीद हो गये थे। अंतिम संस्कार के मौके



पर जिला प्रशासन ने गंगोह में शहीद की प्रतिमा लगाने की घोषणा की थी। वह तोनही लगी अलबता शहीद राजेश के नाम से गंगोह वजीरपुर मार्ग पर लगा नामकरण शिलापट भी नदारद हो गया। 7 जुलाई को पैतृक गांव जेहरा स्थित समाधि स्थल पर श्रद्धा सुमन समर्पित करने वालों की संख्या भी लगातार घट रही है। इसबार बारिश के बावजूद शहीद पत्नी कमलेश, पुत्र रजत बैरागी, भाई राकेश बैरागी पूर्व जिपंस चौ.नक्षत्रपाल सिंह, ग्राम प्रधान नीरज कुमार, पूर्व प्रधान मुनेश चौधरी, रोहित बाढीमाजरा, निखिल सांगाठेडा, दीपांशु शर्मा, नितिन, प्रियांशु, लोकश चौधरी, महिपाल बैरागी, कुलबीर खटाना, रितिक चौधरी व अंकुश खटाना ने शहादत का स्मरण करते हुए पुष्पांजलि समर्पित की।

# उप निदेशक (पंचायत) ने चांगेरा मंगेरा पंचायत भवन का किया निरीक्षण निर्माण कार्य की गुणवत्ता देख हुए गदगद

## ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शेषनाथ यादव की सराहना, अंत्येष्टि स्थल पर इंटरलॉकिंग व बाउंड्री वॉल जल्द पूर्ण कराने के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** शासन के निर्देशानुसार उप निदेशक (पंचायत) आजमगढ़ मंडल, आजमगढ़ अभय कुमार शाही ने मंगलवार को जनपद संतकबीरनगर के विकासखंड सेमरियावां अंतर्गत ग्राम पंचायत चांगेरा मंगेरा का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत भवन के निर्माण कार्यों, उपलब्ध सुविधाओं तथा विकास कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता और पंचायत भवन की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शेषनाथ यादव और उन्होंने संबंधित अधिकारियों की सराहना की।




### विकास कार्यों का लिया जायजा

उप निदेशक (पंचायत) ने पंचायत भवन का निरीक्षण करते हुए भवन की संरचना, साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव तथा ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पंचायत भवन ग्रामीणों के लिए सुचारु रूप से संचालित रहे और शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे।

### अंत्येष्टि स्थल पर अधूरे कार्य जल्द पूरे करने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत के अंत्येष्टि स्थल का भी जायजा लिया। यहां इंटरलॉकिंग और बाउंड्री वॉल का कार्य अधूरा मिलने पर संबंधित अधिकारियों को इसे प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक उपयोग के स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराना पंचायत की जिम्मेदारी है।



### पहले विकास भवन में की योजनाओं की समीक्षा

इससे पूर्व उप निदेशक (पंचायत) ने विकास भवन में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कंसल्टेंट एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

### नेहिया खुर्द बुजुर्ग और टेमारहमत का भी किया निरीक्षण

दौरे के दौरान उन्होंने विकासखंड खलीलाबाद की ग्राम पंचायत नेहिया खुर्द बुजुर्ग में पंचायत भवन, सीएससी (CSC) और आरआरसी (RRC) का निरीक्षण किया तथा खेल मैदान के समीप हरिशंकरी पौधे का रोपण किया। इसके बाद विकासखंड सेमरियावां की ग्राम पंचायत टेमारहमत में अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उप निदेशक (पंचायत) ने अधिकारियों से कहा कि ग्राम पंचायतों में संचालित विकास कार्यों की नियमित निगरानी की जाए तथा गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए, ताकि ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का बेहतर लाभ मिल सके।

# पुलिस ने अवैध छुरे के साथ युवक को दबोचा, मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल



वेलकम इंडिया संवाददाता

**कांधला।** पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देश पर जनपदभर में चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध छुरे के साथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है ।अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध छुरा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आसिफ पुत्र मंजूर हसन, निवासी गाव आल्दी, थाना कांधला बताया। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# बैठक में अनुपस्थित रोजगार सेवकों, तकनीकी सहायकों का मानदेय रोका गया

## बीडीओ सेमरियावा ने लिया बड़ा एक्शन





वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** मंगलवार को सेमरियावा ब्लाक सभागार में खण्ड विकास अधिकारी कृष्ण कुमार ने रोजगार सेवकों और तकनीकी सहायकों के साथ बैठक कर वृहद वृक्षारोपण और जिओ टैगिंग कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

समीक्षा बैठक में 27 रोजगार सहायक और 6 तकनीकी सहायक अनुपस्थित रहें। जिस पर बीडीओ कृष्ण कुमार ने नाराजगी जताते हुए एक दिन का मानदेय अवरुद्ध करने का निर्देश भी दिये।

उन्होंने दो माह से लगातार अनुपस्थित चल रहें और कार्यों में रूचि न लेने वाले दो तकनीकी सहायकों ध्रुवनाथ मौर्या और दिनेश कुमार पर भी सख्त कार्रवाई की। बीडीओ ने इन दोनों के विरुद्ध विभागीय अधिकारियों को पत्र लिखकर विभागीय कार्रवाई की सिफारिश की है। बताया गया कि यह दोनों तकनीकी सहायक कभी कार्यालय नहीं आते और दो माह से गायब हैं। उन्होंने बताया कि बुद्धवार को पुनः रोजगार सेवकों और तकनीकी सहायकों की बैठक आयोजित की गई है। खण्ड विकास अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि बैठक में वृहद वृक्षारोपण अभियान की सफलता, जी-रामजी योजना के तहत प्रत्येक गांव में एक कार्य और जिओ टैगिंग सहित विभिन्न बिन्दुओ पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन रोका गया है। और लगातार गैर हाजिर तकनीकी सहायकों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के लिए पत्र भेजा गया।

# उपनिरीक्षक अजय कसाना को गागलहेडी थाना क्षेत्र की गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी प्रभारी बनाया गया

वेलकम इंडिया संवाददाता



**सहारनपुर/गागलहेडी।** पूर्व में उपनिरीक्षक अजय कसाना जनपद सहारनपुर में कोई थाने व पुलिस चौकिया में अपनी सेवा दे चुके हैं। उपनिरीक्षक अजय कसाना ने चार्ज सँभालते ही कहा शांति व्यवस्था कायम कर पीड़ितों को न्याय दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता है अजय कसाना बहुत ही कुशल व्यवहार के व्यक्ति हैं। कुशल नेतृत्व, व्यवहार कुशलता व न्यायप्रिय कार्यशैली को देखते हुए सहारनपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने उनको गागलहेडी थाना क्षेत्र की गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी प्रभारी बनाया उप निरीक्षक अजय कसाना ने कार्यभार संभालने पर कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखने को प्राथमिकता देते हुए कहा उनकी प्राथमिकता शासन प्रशासन के आदेशों का पालन करते हुए कानून व शांति व्यवस्था कायम रखना तथा छोटे-छोटे अपराधों पर भी पैनी नजर रखी जाएगी तथा महिलाओं और बच्चों के साथ अपराध करने वाले अपराधियों के विरोध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उपनिरीक्षक अजय कसाना ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका उद्देश्य पुलिस के प्रति जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए तथा पीड़ितों को न्याय दिलाना है। तथा अपराधियों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी समय रहते पीड़ित को न्याय मिलेगा तो जनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

# मूसलाधार बारिश ने खोली तैयारियों की पोल, जगह-जगह जलभराव





वेलकम इंडिया संवाददाता

**कांधला।** मंगलवार को हुई मूसलाधार बारिश ने नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक तैयारियों की पोल खोलकर रख दी। नगर के कई हिस्सों में जलभराव होने से सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं। नगर पालिका परिसर, सरकारी अस्पताल और विकासखंड आवासीय कॉलोनी में पानी भर जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विकासखंड परिसर स्थित कार्यालयों में पानी पहुंचने से महत्वपूर्ण अभिलेख भी खतरे में आ गए ।बारिश के दौरान नगर का रेलवे मार्ग और देहाती क्षेत्र के रेलवे अंडरपास पूरी तरह पानी से भर गए, जिससे ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो गया। कई लोगों को मजबूरी में पानी से होकर गुजरना पड़ा। बरसात से पहले नगर पालिका प्रशासन द्वारा नालों की सफाई और जल निकासी के दावे किए गए थे, लेकिन पहली ही तेज बारिश में व्यवस्थाओं की हकीकत सामने आ गई। नगर की नवीन सब्जी मंडी में व्यापारियों ने बारिश के बीच भी कारोबार जारी रखा। स्कूलों की छुट्टी के समय बच्चों को भीगते हुए घर लौटना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों की कच्ची कॉलोनियां और रास्ते कीचड़ से लबालब हो गए, जबकि विकासखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों में भी जलभराव की समस्या देखने को मिली। हालांकि, लगातार पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों को राहत जरूर मिली। समाचार लिखे जाने तक बारिश का सिलसिला जारी था। नगर और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन से जल निकासी की समुचित व्यवस्था कर जलभराव की समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है।

# प्रदीप कुमार शर्मा बने विश्व हिंदू महासंघ भारत युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष

वेलकम इंडिया संवाददाता




**मुरादाबाद।** हिंदुत्व और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय मुरादाबाद निवासी प्रदीप कुमार शर्मा को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। विश्व हिंदू महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद त्यागी की संस्तुति पर उन्हें उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ मनोनीत किया गया है।

नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा ने अपनी नियुक्ति पर संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा:'मैं सभी पदाधिकारियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। हिंदुत्व की रक्षा और सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए मैं सदैव तत्पर रहूँगा। मेरा संकल्प है कि यदि कोई भी हिंदू भाई विपत्ति में होगा, तो मैं पूरी शक्ति के साथ उसके साथ खड़ा रहूँगा।'

प्रदीप कुमार शर्मा ने मीडिया जगत के साथियों का भी विशेष रूप से धन्यवाद किया। उन्होंने अनुरोध किया कि जिस प्रकार पूर्व के संगठनों में उन्हें मीडिया का सहयोग प्राप्त हुआ, वैसा ही समर्थन इस नई जिम्मेदारी के निर्वहन में भी मिलता रहे। यह खबर सुनकर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई एवं बधाई देने वालों का लगा तांता लग गया।

जैसे ही प्रदीप कुमार शर्मा के मनोनयन की सूचना प्रदेश और मुरादाबाद पहुँची, उनके समर्थकों और स्थानीय नागरिकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

उनके निवास स्थान पर सुबह से ही फूल-मालाओं के साथ बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। समर्थकों का मानना है कि उनके नेतृत्व में संगठन उत्तर प्रदेश में नई ऊंचाइयों को छुएगा।

# पंचायत राज विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल, ग्राम प्रधानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

वेलकम इंडिया संवाददाता



**सहारनपुर।** नवदृष्टि नवयुग प्रधान संगठन, सहारनपुर के अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान मदनपुरा संजय वालिया ने पंचायत राज विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि विभाग की ओर से ग्राम प्रधानों को अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है, जिससे गांवों के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

उन्होंने ग्राम सचिवों एवं लेखपालों से गांवों में नियमित रूप से पहुंचकर विकास कार्यों की प्रक्रिया पूरी कराने की मांग की, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित भारत के संकल्प को धरातल पर उतारा जा सके।

हकीकत नगर स्थित धरना स्थल पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए संजय वालिया ने कहा कि करीब दो माह पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त किया गया था, ताकि पंचायतों में विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके। लेकिन इसके बावजूद पंचायत राज विभाग, विशेषकर ग्राम सचिव, आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी नहीं कर रहे हैं। उनका आरोप है कि बिना ग्राम सचिव की कार्रवाई के डीपीआरओ एवं जिलाधिकारी स्तर से स्वीकृति नहीं मिलती, जिसके कारण सड़क, नाली, साफ-सफाई सहित अन्य विकास कार्य शुरू नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो माह में पंचायत राज विभाग का कोई अधिकारी या कर्मचारी गांवों में विकास कार्यों का जायजा लेने नहीं पहुंचा।

ग्राम सचिव 13 जुलाई तक स्टे का हवाला देकर कार्यों में देरी कर रहे हैं, जबकि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 1 जुलाई से ग्राम सचिव एवं लेखपालों को गांवों में बैठकर विकास कार्यों को गति देनी है। संजय वालिया ने यह भी आरोप लगाया कि जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में पूर्ण हो चुके कार्यों का भुगतान करने के निर्देश दिए जाने के बावजूद ग्राम सचिव स्टे का बहाना बनाकर भुगतान नहीं करा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पंचायत राज विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन नहीं करते हैं तो ग्राम प्रधान आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग, ग्राम सचिवों और लेखपालों की होगी। इस दौरान सुभाषचंद रावल, अमरीश, तारिक, अरविंद, प्रवीण कुमार, जीशान, आसिम मलिक, बाबू हसन, संजीत कुमार, जगपाल सहित कई ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# संपूर्ण उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने कांधला इकाई का किया विस्तार



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** संपूर्ण उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के संगठन विस्तार अभियान के तहत कांधला इकाई में नई नियुक्तियों की घोषणा की गई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए विकास जैन को कांधला नगर अध्यक्ष तथा डॉ. रश्मिकांत जैन को जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी। नियुक्ति की घोषणा के बाद व्यापारियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला और दोनों पदाधिकारियों का फूल–मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि व्यापार मंडल हमेशा व्यापारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के लिए सक्रिय एवं कर्मठ कार्यकताओं को जिम्मेदारी दी जा रही है, जिससे व्यापारियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान कराया जा सके। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने तथा व्यापारियों को एकजुट करने का आह्वान किया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष पवन कंसल, प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, युवा इकाई के प्रदेश उपाध्यक्ष, जिला अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के हित सर्वोपरि हैं और संगठन उनकी समस्याओं को शासन–प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाता रहेगा। कार्यक्रम में राजेंद्र वर्मा, अरविंद कंसल, दीपक गुप्ता, विष्णु प्रकाश अग्रवाल, सर्वेश वर्मा, लोकेश गोयल, कमल चावला, डॉ. विक्रम, पारस जैन, नितिन जैन, गौरव गोयल, सिद्धार्थ जैन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दूषित सॉस बनाने वाली फैक्ट्री पर खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा, 550 किलो टोमेटो सॉस नष्ट, मशीन सीज

वेलकम इंडिया संवाददाता

**सहारनपुर।** शासन के निर्देश एवं जिलाधिकारी के आदेश पर जनपद में मिलावटी एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए देवबंद रोड स्थित एक सॉस निर्माण इकाई पर छापा मारा। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार गुप्ता के नेतृत्व में विभागीय टीम ने देवबंद रोड स्थित सरस्वती कॉलोनी के निकट संचालित पाल ट्रेडर्स का निरीक्षण किया। प्रतिष्ठान का संचालन आकाश पाल द्वारा किया जा रहा था ।कार्रवाई के दौरान लगभग 550 किलोग्राम टोमैटो सॉस नष्ट कराया गया, जबकि फैक्ट्री की उत्पादन मशीन को अगले आदेश तक सीज कर दिया गया।





निरीक्षण के दौरान चार बड़े बर्तनों में करीब 550 किलोग्राम सॉस एवं टोमैटो सॉस पैकिंग के लिए तैयार अवस्था में मिला। टीम ने मौके से टोमैटो सॉस तथा व्हाइट विनेगर के नमूने विधिक प्रक्रिया के तहत संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए। निरीक्षण के दौरान निर्माण प्रक्रिया एवं स्वच्छता मानकों में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर मौके पर उपलब्ध साँस का पूरा स्टॉक नष्ट करा दिया गया। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता के उत्पादन कार्य पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाते हुए उसकी निर्माण मशीन को अगले आदेश तक सीज कर दिया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि जनपद में मिलावटी एवं मानकविहीन खाद्य पदार्थों के निर्माण और बिक्री के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जनकल्याण दिवस पर सपा नेताओं ने किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

वेलकम इंडिया संवाददाता



**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस को जनकल्याण दिवस के रूप में मनाने के क्रम में मंगलवार को प्राचीन मीरापुर बसही पोखरे पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी राजपाल कश्यप के निर्देश पर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव तथा संत नरहरी चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता किशन सेठ ने आंवले का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण और हरित समाज के निर्माण का संदेश दिया। इस अवसर पर अधिवक्ता किशन सेठ ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं,बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के नेता रोहित त्यागी सहित अन्य कार्यकताओं ने भी भाग लिया और जनकल्याण दिवस के अवसर पर समाजहित एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को दोहराया।

# प्रतापगढ़ पहुचे सी एम योगी ने किए विभिन्न शिलान्यास और दी 384 करोड रुपए की सौगात

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**प्रतापगढ।** सात जुलाई बहुप्रतीक्षित योजनानुसार यू पी सी एम योगी आदित्यनाथ आज प्रतापगढ़ पहुचे तथा जनपद मे एक सौ ग्यारह शिलान्यास करते हुए 384 करोड रुपए की बडी सौगात विकास हेतु दी । प्रतापगढ़ पहुचने पर सी एम के स्वागत मे प्रशासनिक अफसर अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन श्री ज्योति नारायण, मंडलायुक्त प्रयागराज श्रीमती सौम्या अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र श्री अजय मिश्रा, जिलाधिकारी प्रतापगढ़ श्री अभिषेक पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे तो वही प्रतापगढ़ भाजपा के बडे नेता निर्वतमान विधायक धीरज ओझा जिलाध्यक्ष आसीष श्रीवास्तव जिलामन्त्री पवन गौतम सहकारी समिति रानीगंज नीरज ओझा के साथ बडी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता व जिले की जनता सी एम योगी के कार्यक्रम मे मौजूद रही । मंच पर मुख्यमंत्री योगी के पहुचने पर विधायक धीरज ओझा और जिलाध्यक्ष भाजपा आशीष श्रीवास्तव ने स्वागत के क्रम मे उन्हे फूल माला पहना मा बेल्हादेवी की प्रतिमा देते हुए अभिवादन किया।

## सी एम योगी राममन्दिर चन्दा विषय मे विपक्ष पर रहे हमलावर

सीएम योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर दान चोरी पर हो रही सियासत को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर हमला बोला. उन्होंने कहा कि सनातन धर्म पर प्रहार की कोशिश हो रही है.



सपा और कांग्रेस गिरगिट की तरह रंग बदल रहे हैं। सपा राम भक्तों पर गोली चलती थी. कांग्रेस राम के अस्तित्व को नकारती थी. जय श्री राम बोलने पर आपकी सरकार थी तो लाठी और गोली चलाते थे. देश सरकार कांग्रेस और सपा के चंगुल में नहीं फंसने वाला है। आज की अयोध्या प्रभु श्री राम के समय की अयोध्या एहसास कराती है. वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या का इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम है। यह सिर्फ भाजपा सरकार ही कर सकती है. सी एम योगी ने कहा हम नही देते जाति देखकर योजना का लाभ- सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 9 साल पहले प्रतापगढ़ की गिनती पिछड़े जनपदों में होती थी। खराब सड़क के चलते यहां का आंवला दम तोड़ रहा था. गरीब हताश और निराश था. नौजवान पलायन करने के लिए मजबूर था. पिछली सरकारों ने वन जनपद वन माफिया दिया। हमने वन जनपद वन उत्पाद दिया। उनकी मानसिकता माफिया राज की थी। आज गरीब को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हमने वोट और जाति देखकर योजना का लाभ नहीं दिया। सबका साथ सबका विकास के रास्ते पर सरकार ने विकास किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैं समाजवादी पार्टी, कांग्रेस से पूछता हूं कि अयोध्या में जिस कथित चोरी को लेकर तुम हिन्दू आस्था पर खिलवाड़ कर रहे हो। एक भी बार बताओ कि वक़्फ के नाम पर हजारों हेक्टेयर जमीन प्रदेश और देश मे बेची गई। ये जमीन गरीब की थी. कमजोर की थी, जिसको गरीबों को पट्टा दिया जा सकता था। इन्होंने वक़्फ के नाम पर उस जमीनों को कब्जा करवाकर बेचकर कुछ चुनिंदा लोगों ने उसका वारा न्यारा किया। कांग्रेस समाजवादी पार्टी एकबार भी नही बोली।

राम मंदिर दान चोरी मामले पर चल रही जांच को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या मामले का एसआईटी दूध का दूध पानी का पानी करके रहेगी। जिसके खिलाफ साक्ष्य थे उसके खिलाफ कार्रवाई हुई. जब कांग्रेस के द्वारा राम को काल्पनिक कहा जा रहा था तब हिंदुओं की आस्था आहत नहीं हो रही थी. दुर्गा पूजा, कृष्ण जन्माष्टमी को रोका जाता था, तब हिंदुओं की आस्था आहत नहीं होती थी। इनको कष्ट यह है कि जहां बाबरी मस्जिद का ढांचा देखना चाहते थे, आज वहां प्रभु श्री राम का मंदिर है। कांग्रेस और सपा को देखकर कर अब गिरगिट भी शरमा जा रहा है।

# अपना दल एस के जिला कार्यालय पर हुई मासिक बैठक आयोजित



**बुलंदशहर( वेलकम इंडिया)।** पर्यावरण की रक्षा किसी एक सरकार या दल की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का सामाजिक कर्तव्य है। अपना दल हमेशा से दबे-कुचले और वंचित समाज के उत्थान के साथ-साथ प्रकृति के संतुलन के लिए भी प्रतिबद्ध रहा है। हमारे कार्यकर्ता इस अभियान को एक जन आंदोलन का रूप देंगे उक्त विचार अपना दल एस बुलंदशहर के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी जी ने अपना दल एस बुलंदशहर के जिला कार्यालय पर आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में व्यक्त किए।जिला अध्यक्ष ने कहा एक कार्यकर्ता, पाँच पेड़ : हमारा संकल्प, हरा-भरा कल 'धरती को अगर बचाना है, तो पेड़ लगाना ही होगा। हर कार्यकर्ता आगे आए, पाँच पौधों का संकल्प निभाए।' अपना दल (एस) बुलंदशहर की मासिक समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रम में, सभी समर्पित कार्यकताओं से अपील की जाती है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में 'एक कार्यकर्ता, पाँच पेड़' अभियान को एक आंदोलन का रूप दें केवल लगाना नहीं, बचाना है : हर कार्यकर्ता को अपने लगाए गए पाँचों पौधों की कम से कम एक वर्ष तक देखरेख (पानी देना और सुरक्षा) की जिम्मेदारी लेनी होगी। पार्टी कार्यकर्ता 'हर घर झंडा' अभियान को बनाएं ऐतिहासिक, हर घर पर शान से लहराए झंडा इस मौके पर राजकुमार भुर्जी जिला अध्यक्ष,खालिक अंसारी,नीरज शर्मा, पुरुषोत्तम सैन, हाजी सबील अंसारी,मोहम्मद असलम, प्रतीक भारद्वाज, राजेश कुमार,अंकुर पाल, हाजी नईम,हामिद अली सैफी, ठाकुर सुशील राजपूत, अरुण सैन, पंडित उमेश शास्त्री, नसीम अहमद,प्रेम शर्मा,मोहमद जाहिद, राजेश बाबू, आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मिसेज एशिया विजेता सच्चदेवा दंपति ने नए आशियाने में किया गृह प्रवेश, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ पूजन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**वाराणसी।** मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा एवं उनके पति राजेश सच्चदेवा ने अपने नए आवास में विधि-विधान, हवन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गृह प्रवेश पूजन संपन्न कराया। इस पावन अवसर पर परिवार, रिश्तेदार, मित्रगण, सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग एवं शुभचिंतक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और नवदंपति को नए घर के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया।





पूजन के उपरांत अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। पूरे आयोजन का वातावरण आध्यात्मिक, उल्लासपूर्ण और पारिवारिक सौहार्द से परिपूर्ण रहा। उपस्थित सभी लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि यह नया आशियाना सदैव सुख, शांति, समृद्धि, प्रेम और खुशियों का केंद्र बना रहे।

इस अवसर पर विजयता सच्चदेवा ने कहा, 'यह हमारे परिवार के लिए अत्यंत भावुक और यादगार पल है। ईश्वर की कृपा, माता-पिता एवं गुरुजनों के आशीर्वाद और सभी शुभचिंतकों के स्नेह से हमें अपने नए घर में प्रवेश करने का सौभाग्य मिला है। हम कामना करते हैं कि यह घर हमेशा प्रेम, सकारात्मक ऊर्जा और खुशियों से भरा रहे।'

वहीं राजेश सच्चदेवा ने कहा, 'जीवन के इस नए अध्याय की शुरूआत ईश्वर के आशीर्वाद के साथ करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। हम सभी अतिथियों, मित्रों और शुभचिंतकों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने अपनी शुभकामनाओं और स्नेह से इस अवसर को और भी यादगार बना दिया।'

## बुलंदशहर की सभी चीनी मिलों ने किसानों का 100% गन्ना भुगतान किया

**बुलंदशहर( वेलकम इंडिया)।** जनपद की सभी चीनी मिलों—साबितगढ़, अनामिका, बुलंदशहर एवं अनूपशहर—ने पेराई सत्र 2025-26 के दौरान खरीदे गए गन्ने का किसानों को शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया है। जिला गन्ना अधिकारी सना आफरीन ने बताया कि चारों मिलों ने कुल 277.56 लाख कुंतल गन्ने के सापेक्ष 1,09,209.12 लाख रुपये का संपूर्ण भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया है। उन्होंने बताया कि आगामी पेराई सत्र 2026-27 को समय से शुरू कराने के लिए सभी चीनी मिलों में मरम्मत एवं रखरखाव (रिपेयर-मेंटेनेंस) का कार्य तेजी से चल रहा है, जिसे निर्धारित समय में पूरा कराया जाएगा।

## उ.प्र. राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता चौहान आज बुलंदशहर दौरे पर

**बुलंदशहर( वेलकम इंडिया)।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) डॉ. बबीता सिंह चौहान 7 जुलाई की रात्रि बुलंदशहर पहुंचेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह स्थानीय गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगी। 8 जुलाई को प्रात: 10 :00 बजे वह बुलन्दशहर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगी। कार्यक्रम के उपरांत वह दोपहर में बुलंदशहर से कानपुर नगर के लिए प्रस्थान करेंगी।

## थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित अभियुक्त को 02 अदद अवैध चाकू के साथ किया गया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर( वेलकम इंडिया)।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जयप्रकाश दूबे के नेतृत्व में गठित टीम उ0नि0 विनोद कुमार यादव, मु0आ0 रविशंकर श्रीवास्तव व रि0का0 सत्य प्रकाश वर्मा ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 599/2026 धारा 109(1) इठर व धारा बढोत्तरी 4/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली खलीलाबाद में वांछित अभियुक्त अमरनाथ उर्फ भोलू पुत्र स्व0 प्रेम प्रकाश कान्दू मुहल्ला तिवारी टोला (मगहर) थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को मंगलवार को 02 अदद अवैध चाकू के साथ एनएच-28 हनुमान मन्दिर, रसूलाबाद के पास से गिरफ्तार किया गया ।

# वंचित, पीड़ित और शोषित समाज की सबसे शक्तिशाली आवाज हैं अखिलेश यादव: मो0 अरशद खान

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**जौनपुर।** जौनपुर में आयोजित एक संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहम्मद अरशद खान, राष्ट्रीय सचिव, समाजवादी पार्टी तथा पूर्व विधायक, जौनपुर सदर ने कहा कि आज देश और उत्तर प्रदेश की राजनीति ऐसे दौर से गुजर रही है जहाँ सामाजिक न्याय, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा सबसे बड़ी चुनौती बन चुकी है। ऐसे समय में वंचित, पीड़ित, शोषित, किसानों, मजदूरों, नौजवानों, महिलाओं, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों तथा समाज के हर कमजोर वर्ग की प्रभावी आवाज के रूप में अखिलेश यादव उभरकर सामने आए हैं।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब समाज के अंतिम व्यक्ति को सम्मान, अवसर और न्याय मिले। समाजवादी विचारधारा का मूल उद्देश्य भी यही है कि सत्ता का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। अखिलेश यादव लगातार सामाजिक न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, किसानों के हित, युवाओं के भविष्य तथा संविधान की मूल भावना की रक्षा



के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता ने समाजवादी सरकार के दौरान विकास, कानून व्यवस्था, आधुनिक आधारभूत संरचना, एक्सप्रेसवे, मेट्रो, चिकित्सा सुविधाओं और शिक्षा के क्षेत्र में हुए कार्यों को देखा है। यही कारण है कि आज भी बड़ी संख्या में लोग समाजवादी पार्टी से आशा और विश्वास रखते हैं।

उन्होंने कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) की अवधारणा केवल एक राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि सामाजिक भागीदारी, समान अवसर और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने का एक व्यापक अभियान है। यदि समाज के कमजोर वर्ग एकजुट होकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हैं, तो सामाजिक न्याय और समावेशी विकास को नई दिशा मिल सकती है।

उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे गाँव-गाँव और मोहल्ले-मोहल्ले जाकर संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक सद्भाव, शिक्षा, रोजगार, किसानों के अधिकार और सामाजिक न्याय का संदेश पहुँचाएँ। उन्होंने कहा कि जनता के बीच सकारात्मक संवाद, संगठन की मजबूती और लोकतांत्रिक भागीदारी ही भविष्य के भारत की दिशा तय करेगी।

मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी का संघर्ष केवल सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं, बल्कि संविधान की गरिमा, लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती, सामाजिक समरसता तथा सभी वर्गों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनता के सहयोग और लोकतांत्रिक समर्थन से सामाजिक न्याय की विचारधारा और अधिक मजबूत होगी तथा उत्तर प्रदेश विकास, समान अवसर और सामाजिक सद्भाव की दिशा में आगे बढ़ेगा।

# खनन अधिकारी ने अवैध रूप से खनन करते हुए एक डंपर पकड़ा किया सीज



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**अहमदगढ़/बुलंदशहर।** मंगलवार को अहमदगढ़ थाना क्षेत्र में खनन अधिकारी ने की बड़ी कार्रवाई। अहमदगढ़ थाना क्षेत्र में अवैध रूप से हो रहे खनन की सूचना पर पहुंचकर खनन अधिकारी बृजमोहन ने एक डंपर को पकड़ कर किया सीज। खनन अधिकारी ने डंपर को पकड़कर अहमदगढ़ थाना पुलिस के किया हवाले खनन अधिकारी की कार्रवाई से अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के खनन माफियाओ में मचा हड़कंप अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के रहमापुर पर चल रहा था अवैध मिट्टी का खनन अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के मेरठ बदायूं हाईवे मार्ग के किनारे रहमापुर गांव के पास का मामला।

# सहारनपुर में विकास को मिल रही नई गति: महापौर

## वार्ड 46 में चार सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का शुभारंभ

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज वार्ड संख्या-46 में चार महत्वपूर्ण सीसी सड़क एवं नाली निर्माण परियोजनाओं का विधिवत शुभारंभ किया। इन निर्माण कार्यो पर करीब 47 लाख रुपये की लागत आयेगी। महापौर ने कहा कि ये निर्माण कार्य इस बात के प्रतीक हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विकासपरक सोच को धरातल पर आकार मिल रहा है। महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज माधव विहार कॉलोनी में बालाजी मोटर्स से अमन की दुकान तक 14 लाख रुपये से अधिक की लागत से बनने वाली तथा इसी कॉलोनी में अमन की दुकान से अनिल के मकान तक करीब 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत पूजा अर्चना के साथ नारियल



फोड़कर शुभारंभ किया। इसके अलावा ब्रिज विहार कॉलोनी में करीब दस लाख रुपये की लागत से मुस्कान ब्यूटी पार्लर से सुरेंद्र फौजी के मकान तक तथा शिवपुरी कॉलोनी में अमर सैनी के मकान से मनोज सैनी के मकान तक करीब साढे.सात लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य की सड़क पर गेंती चलाकर शुरूआत की। महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व तथा नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा के मार्गदर्शन में प्रदेश भर में आधारभूत सुविधाओं पर आधारित विकास को नई गति मिल रही है। इसी क्रम में सहारनपुर महानगर में भी नगर निगम द्वारा जनहित के विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ संचालित किया जा रहा है। सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा व महापौर डॉ. अजय कुमार तथा नगर निगम सहारनपुर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन विकास कार्यो से निश्चय ही उनके क्षेत्र को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने के साथ-साथ महानगर के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा, उपसभापति मयंक गर्ग, स्थानीय पार्षद ज्योति अग्रवाल, पार्षद मुकेश गक्खड़, पार्षद वीर सिंह सिद्धू, पार्षद दिग्विजय चौहान, नामित पार्षद निशांत शर्मा, भाजपा नेता अनेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष मनुज तायल, सहित क्षेत्र के संजय जैन, विनोद गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, भारती सैनी, रोहित जैन, सुनील सिंगल, संजय सैनी, संदीप वर्मा, संजीव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# पॉक्सो मामले में आरोपी अंकित कुमार गुप्ता की जमानत अर्जी खारिज,विशेष न्यायालय ने अपराध की गंभीरता को माना आधार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**वाराणसी।** जनपद वाराणसी के थाना चौबेपुर क्षेत्र से जुड़े पॉक्सो एक्ट एवं अन्य गंभीर धाराओं में दर्ज मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट संख्या-1 ने आरोपी अंकित कुमार गुप्ता की प्रथम जमानत अर्जी निरस्त कर दी। न्यायालय ने अपने आदेश में मामले की गंभीरता, आरोपों की प्रकृति तथा उपलब्ध साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए जमानत देने से इनकार किया। अभियोजन के तरफ से अधिवक्ता आशीष कुमार पाठक ने कहा की आरोपी पर नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर लंबे समय तक दुष्कर्म करने,अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने,धमकी देने तथा पीड़िता और उसके परिवार से लाखों रुपये के जेवर एवं नकदी हड़पने जैसे गंभीर आरोप हैं। इस मामले में थाना चौबेपुर पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं एवं पॉक्सो एक्ट के तहत



मुकदमा दर्ज किया गया था। बचाव पक्ष ने न्यायालय में दलील दी कि आरोपी 22 फरवरी 2026 से जेल में निरुद्ध है विवेचना पूरी हो चुकी है आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है तथा सह अभियुक्तों को जमानत मिल चुकी है साथ ही अभियोजन के कथनों में विरोधाभास और मेडिकल रिपोर्ट सहित अन्य तथ्यों का हवाला देकर जमानत की मांग की गई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश ने माना कि प्रथम दृष्टया आरोपी के विरुद्ध गंभीर प्रकृति के आरोप हैं और उपलब्ध तथ्यों एवं परिस्थितियों को देखते हुए जमानत का कोई आधार नहीं बनता।

# धन्नीपुर की वर्षों पुरानी जल निकासी व्यवस्था अवरुद्ध, ग्रामीणों में भारी आक्रोश पुलिस आयुक्त वाराणसी को सौपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**वाराणसी।** ग्राम पंचायत धन्नीपुर के ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि वार्ड संख्या 52 के पार्षद प्रतिनिधि शमीम नोमानी द्वारा वर्षों से संचालित ग्राम पंचायत की भूमिगत जल निकासी व्यवस्था को जानबूझकर बाधित कर दिया गया है जिससे पूरे क्षेत्र में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्यवाही क्षेत्र का माहौल खराब करने तथा अनावश्यक विवाद उत्पन्न करने की मंशा से की गई है। ग्रामीणों के अनुसार, धन्नीपुर पूर्व में ग्राम पंचायत



भट्ठी एवं लोहता ग्राम पंचायत का हिस्सा रहा है तभी से धन्नीपुर सहित आसपास के गांवों का जल निकासी मार्ग विभिन्न ग्राम पंचायतों से होकर मुख्य धमरिया नाले तक जाता रहा है। वर्ष 2015 में धन्नीपुर अलग ग्राम पंचायत बनने के बाद भी यही व्यवस्था लगातार सुचारु रूप से संचालित होती रही।वर्तमान में लोहता नगर निगम में शामिल होने के बावजूद वहां की जल निकासी भी हरपालपुर,चंदापुर एवं महमूदपुर के रास्ते मुख्य नाले में ही जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि 4 जुलाई 2026 की रात लगभग तीन बजे पार्षद प्रतिनिधि शमीम नोमानी अपने साथ लगभग पांच अज्ञात व्यक्तियों को लेकर पहुंचे और धन्नीपुर के जल निकासी चैम्बर में बोरे एवं बालू भरकर उसे बंद कर दिया। इससे बरसात का पानी निकलना बंद हो गया और गांव में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस घटना के बाद ग्राम पंचायत धन्नीपुर,आसपास के गांवों तथा ग्राम प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र जल निकासी बहाल नहीं की गई तो बरसात के दौरान पूरे क्षेत्र में जलभराव,संक्रामक बीमारियों का खतरा तथा आम जनजीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। बच्चों के विद्यालय आने-जाने, किसानों, महिलाओं एवं बुजुर्गों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पुलिस आयुक्त,जिला प्रशासन तथा नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए जल निकासी मार्ग को तत्काल खुलवाया जाए तथा यदि किसी व्यक्ति द्वारा कानून अपने हाथ में लेकर सार्वजनिक जल निकासी व्यवस्था को बाधित किया गया है तो उसके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाए।

# पहली बरसात ने खोली पालिका के दावों की पोल





**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**शिकारपुर।** मंगलवार को मानसून की पहली बारिश ने नगर पालिका के साफ-सफाई और जल निकासी के दावों की पूरी तरह पोल खोल दी है। नालों की सफाई न होने के कारण पूरे शहर में जगह-जगह भारी जलभराव हो गया है, जिससे स्थानीय जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।

भारी बारिश के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) और ब्लॉक कार्यालय के सामने और परिसर में घुटनों तक पानी भर गया, जिससे मरीजों व फरियादियों को काफी परेशानी हुई। शहर के मुख्य बाजारों और सड़कों पर पानी जमा हो गया है। दुकानदारों को अपनी दुकानों में भरा पानी बाल्टियों से बाहर निकालना पड़ा। इस जलभराव को लेकर स्थानीय निवासियों और व्यापारियों में नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश है, और सोशल मीडिया पर भी दावों की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं।

# सुरक्षा बीमा एवं पेंशन योजना का कृषकों को लाभविन्त करने के उद्देश्य से गोष्ठी का आयोजन

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** सहकारी गन्ना विकास समिति लि० मोदीनगर में पांच दिवसीय सामाजिक सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत कृषको के सुरक्षा बीमा एवं पेंशन योजना से कृषकों को लाभविन्त करने के उददेश्य से गोष्ठी का शुभारम्भ सोमवार को समिति के सचिव, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मोदीनगर सुमित पाण्डेय एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में समिति के उपाध्यक्ष उत्तम त्यागी, द्वारा किया गया। यह पांच दिवसीय गोष्ठी 10 जुलाई तक चलेगी।

समिति के सचिव ने बताया कि सहकारी गन्ना विकास समिति लि० मोदीनगर में पांच दिवसीय सामाजिक सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत कृषकों के सुरक्षा बीमा एवं पेंशन योजना (PMJJB, PMSBY & APY) के सम्बन्ध में आयोजित गोष्ठी में गन्ना विभाग के अधिकारी एवं नजदीकी बैंकों के अधिकारी / कर्मचारी मौजूद रहेंगे जो कृषकों को सुरक्षा बीमा एवं पेंशन योजना सम्बन्धी जानकारी से अवगत कराकर मौके पर ही कृषकों को उक्त योजना के लाभ हेतु पंजीकृत कर लिया जायेगा।

जिससे कृषक न्यूनतम प्रीमियम पर जीवन बीमा एवं पेंशन योजना का लाभ प्राप्त कर सकता है। समिति के सचिव की कृषकों से अपील है कि कृषक बन्धु अधिक से अधिक संख्या में उक्त गोष्ठी में पहुँच कर शासन द्वारा संचालित सुरक्षा बीमा एवं पेंशन योजना का लाभ प्राप्त करे।

# अवैध अतिक्रमण को न हटाए जाने पर पुनः दी आमरण अनशन की चेतावनी

**वेलकम इंडिया संवाददाता**




**मोदीनगर।** क्रांतिकारी क्रांतिकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र कौशिक ने एसडीएम को एक ज्ञापन देकर अवैध अतिक्रमण न हटवाये जाने व पुनः आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है।राजेंद्र कौशिक द्वारा एसडीम को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि जनहित में अतिक्रमण पीर की मजार सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करके बनायी गयी है। पीर की मजार को हटवाने के लिये हटवाने के लिए पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन द्वारा अनेको बार उपजिलाधिकारी महोदय मोदीनगर को व अन्य उच्चाधिकारियों को ज्ञापन वर्ष 2021 से लगातार देने के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही न करने के कारण संगठन अध्यक्ष राजेन्द्र कौशिक द्वारा विवश होकर 11.06.2026 से उपजिलाधिकारी मोदीनगर के कार्यालय के बाहर किये जा रहे आमरण अनशन को आश्वासन देकर खुलवाये जाने के बावजूद भी अवैध अतिक्रमण न हटवाये जाने व पुनः आमरण अनशन करने को कहा गया है।

अभियंता गाजियाबाद प्रार्थी को दिनांक 19.6 को आश्वासन दिया गया कि उपरोक्त अवैध अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटवा दिया जायेगा लेकिन आज तक अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध कोई राख्त कदम नहीं उठाया गया है, जिस कारण प्रार्थी व उसका संगठन 10.07.2026 से पुनः तहसील में उपरोक्त अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध आमरण अनशन करेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## ट्रक की टक्कर लगने से 62 वर्षीय वृद्ध की मौत

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मोदीनगर।** स्थित राज चौपला के पास ट्रक की टक्कर लगने से 62 वर्षीय वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक चालक मौके से फरार होने में कामयाब रहा। सूचना पर पहुंची मोदीनगर कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मंगलवार सुबह मोदीनगर निवासी हवलदार सिंह चौहान उम्र 62 वर्ष अपने घर से साइकिल लेकर किसी जरूरी काम के लिए निकला था लेकिन जैसी वह राज चौपले के निकट पहुंचा पीछे से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें कुचल दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई ट्रक ड्राइवर मौके से भागने में कामयाब रहा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची मोदीनगर थाना पुलिस ने मृतक की जेब से निकले कागजातों के आधार पर उसके परिजनों को घटना के बारे में सूचना दी। मृतक के परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने के पश्चात शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# ट्यूबवेलों से चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मोदीनगर।** मोदीनगर पुलिस टीम द्वारा ट्यूबवेलों से चोरी की घटना कारित करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किये गये कॉपर व सिल्वर के तार बरामद किया है।

पुलिस ने बताया कि थाना मोदीनगर पर वादी गंगाबल व अन्य के द्वारा तहरीर दी गयी कि अज्ञात चोरों द्वारा उनकी 04 ट्यूबवैलों से ताला तोडकर बिजली का सामान व तार आदि चोरी कर ले गए। जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मोदीनगर पर तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। तत्पश्चात थाना मोदीनगर पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना कारित करने वाले 03 अभियुक्तों प्रिन्स फफराना, अमन निवासी वेद विहार फफराना व देव ब्रह्मपुरी कस्बा मोदीनगर थाना मोदीनगर को थाना मोदीनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से उपरोक्त घटना से संबंधित चोरी का सामान बरामद किया गया।

अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ करने पर बताया कि यह जो चोरी का सामान हमसे बरामद हुआ है। ये हमने गाँव फफराना में स्थित खेतों की ट्यूबवेलों का ताला तोड़कर बिजली के तार, कॉपर के तार व स्टार्टर आदि सभी चोरी कर लिये थे। जल्दबाजी में हमने यह सामान श्याम सिटी कॉलोनी में ग्रीन चैम्बर के पीछे खाली प्लाट में झाडियों में छुपा दिया था। इसमे से कुछ सामान हमने यहाँ से उठाकर राह चलते-फिरते व्यक्तियों को बेच दिया था। इससे जो पैसे हमें मिले थे वह हमसे खर्च हो गये। शेष सामान को आज हम यहाँ से उठाकर बेचने के लिये जा रहे थे कि पुलिस चेकिंग में पकड़े गये।

## जघन्य कृत्य के आरोपी के मकान पर बुलडोजर कार्रवाई किए जाने की मांग



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मोदीनगर।** हिंदू रक्षा दल की विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सपना अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता ने एसडीएम को एक ज्ञापन देकर मुरादनगर में एक बच्ची के साथ जघन्य कृत्य करने वाले आरोपी के सरकारी जमीन पर बने मकान पर जल्द से जल्द बुल्डोजर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।ज्ञापन में कहा गया है कि 2 जुलाई को मुरादनगर में 9 वर्ष की बच्ची के साथ जघन्य कृत्य किया।

जिसमें उसके पिता पूरी तरह से साजिशकर्ता के रूप से मौजद थे। आरोपियों के सरकारी जमीन पर बने मकान पर जल्द से जल्द बुल्डोजर कार्यवाही हो। इस मौके पर पंकज कंसल नीरज शर्मा कुलदीप आशीष आदि उपस्थित रहे।

# मौत के मुहाने से लौटा मासूम! खुले गटर में गिरा 10 वर्षीय बच्चा, एआरटीओ और टीम बने फरिश्ता





**कपिल चौहान**



**ग्रेटर नोएडा (वेलकम इंडिया)।** ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा-2 क्षेत्र में यथार्थ हॉस्पिटल के सामने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की कथित लापरवाही एक बड़े हादसे का कारण बनते-बनते रह गई। सड़क किनारे खुले गटर में 10 वर्षीय बच्चा अचानक गिर गया, जिससे उसकी मां की चीख-पुकार सुनकर मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एआरटीओ राजेश मोहन और उनकी टीम ने तत्काल गटर में उतरकर बच्चे का रेस्क्यू किया और सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उनकी तत्परता और साहस के चलते मासूम की जान बच गई तथा बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में प्राधिकरण के प्रति नाराजगी देखने को मिली। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे खुले गटर लोगों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं। उन्होंने खुले गटरों को तत्काल बंद कराने और इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन द्वारा बुलाई गई बैठक

## कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न करने के लिए अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन द्वारा एक बैठक बुलाई गई जिसमें एसडीएम ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कावड़ यात्रा से कुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्रावण मास के दौरान होने वाली कांवड़ यात्रा 30 जुलाई से 28 अगस्त तक को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार तहसील मुख्यालय पर एक आवश्यक बैठक आहूत की गयी। जिसमें पुलिस विभाग, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत विभाग, विद्युत विभाग, सिचांई विभाग, खण्ड विकास विभाग, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोदीनगर/मुरादनगर, अग्निशमन विभाग, वन विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग, आबकारी विभाग, पूर्ति विभाग उपस्थित रहे। सम्बन्धित को निर्देशित किया गया है कि कावंड यात्रा.2026 के दृष्टिगत समस्त व्यवस्थाएं/कार्यों को ससमय पूर्ण कराने एवं यात्रा को सुकुशल सम्पन्न कराया जाना है।

# स्कूल वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस का शिकंजा, सुरक्षा मानकों में लापरवाही पर सख्ती








**कपिल चौहान**



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस ने मंगलवार को जिलेभर में विशेष अभियान चलाकर विभिन्न चौराहों, प्रमुख मार्गों और शिक्षण संस्थानों के बाहर स्कूल वाहनों की सघन जांच की। अभियान का उद्देश्य बच्चों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करना और नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन संचालकों व स्कूल प्रबंधन पर प्रभावी अंकुश लगाना रहा। चेकिंग के दौरान स्कूल वाहनों के फिटनेस प्रमाणपत्र, स्पीड गवर्नर, फर्स्ट-एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की गई। इसके अलावा चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन परमिट, बीमा और प्रदूषण प्रमाणपत्र (पीयूसी) का भी सत्यापन किया गया। यातायात पुलिस ने क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर वाहन चलाने वाले चालकों को सख्त चेतावनी देते हुए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की। अधिकारियों ने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी इस तरह के विशेष अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# शब्द स्वरूप में साक्षात नारायण ही हैं श्रीमद्भागवत महापुराण : स्वामी गिरीशानंद सरस्वती महाराज

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**वृन्दावन।** छटीकरा रोड़ स्थित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आश्रम के सभागार में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ प्रारम्भ हुआ। महोत्सव का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त साध्वी ऋतंभरा 'दीदी मां' , श्रीमद् जगद्गुरु शंकराचार्य परम्परा संवाहक स्वामी रामदेवानंद सरस्वती महाराज एवं प्रख्यात संत स्वामी गिरीशानंद सरस्वती महाराज आदि ने श्रीमद्भागवत ग्रंथ का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन व दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

इससे पूर्व श्रीराधा कृष्ण मन्दिर से कथा स्थल तक गाजे-बाजे के मध्य श्रीमद्भागवतजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।जिसमें असंख्य महिलाएं पीत वस्त्र पहने, सिर पर मंगल कलश धारण किए चल रही थी।इसके अलावा सभी भक्त-श्रृद्धालु हरिनाम संकीर्तन करते हुए साथ चल रहे थे। व्यास पीठाधीश्वर स्वामी गिरीशानंद सरस्वती महाराज ने सभी भक्तो-श्रृद्धालुओं को श्रीमद्भागवत के महात्म्य की कथा श्रवण कराते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण शब्द स्वरूप में साक्षात नारायण ही हैं।भगवान में और श्रीमद्भागवत में कोई भेद नहीं है।इस दिव्य ग्रंथ में भगवान के साथ-साथ उनके प्रिय भक्तों का चरित्र भी समाहित है।जिसके श्रद्धा पूर्वक श्रवण करने से मनुष्य पाप मुक्त, भय मुक्त व पीढ़ा मुक्त हो जाता है।साथ ही वह प्रभु की भक्ति प्राप्त कर के उनके निज धाम में वास पाता है।

मुख्य अतिथि के रूप में पधारी साध्वी ऋतंभरा 'दीदी मां' में कहा कि कोई भी देश तब तक ही संपन्न और प्रगतिशील रहता है, जब तक उस देश की संस्कृति सुरक्षित बनी रहती है। इसीलिए हम सभी देशवासियों का यह कर्तव्य बनता है कि हम भारत को उज्जवल राष्ट्र बनाने के लिए इस देश की प्राचीन भारतीय वैदिक संस्कृति की रक्षा करें।

कार्यक्रम के संयोजक पंडित आर. एन. द्विवेदी 'राजू भैया' (राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष - विश्व हिन्दू महासंघ मठ मन्दिर) ने कहा कि सनातन धर्म का सार 'विश्व कल्याण', 'सत्य' और 'शाश्वत जीवन मूल्यों' में निहित है। यह केवल एक मत या संप्रदाय नहीं अपितु मानवता और प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीने का शाश्वत व सुगम मार्ग है।इसीलिए हम सभी को सत्य सनातन धर्म का पालन करना चाहिए।

इस अवसर पर मुख्य यजमान श्रीमती साधना गुप्ता - विजय गुप्ता (दिल्ली), कथा प्रवक्ता वर्षा जी महाराज, मनोज राय (कमांडेंट वेस्ट बेंगल), संजीव टेकरीवाल, अमित अग्रवाल, संदीप जैन (जबलपुर) आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## विजयनगर थाने में डीसीपी का औचक निरीक्षण, अपराध नियंत्रण और बेहतर पुलिसिंग पर दिया जोर



**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में पुलिस व्यवस्था की गुणवत्ता परखने के लिए मंगलवार को पुलिस उपायुक्त नगर/ट्रांस हिंडन धवल जायसवाल ने विजयनगर थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय, अभिलेख, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार, साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। डीसीपी ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने, लंबित मामलों के समयबद्ध निस्तारण तथा आमजन के साथ संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने थाने की व्यवस्थाओं को और अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाए रखने पर भी बल दिया।

## भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नितिन मित्तल पदमुक्त, अनुशासनहीनता का आरोप

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद जिला इकाई ने संगठनात्मक अनुशासन के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला उपाध्यक्ष नितिन मित्तल को उनके पद से तत्काल प्रभाव से पदमुक्त कर दिया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी चैनपाल सिंह द्वारा जारी पत्र के अनुसार,उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई।पत्र में कहा गया है कि अभद्र टिप्पणी प्रकरण में अनुशासनहीनता के कारण नितिन मित्तल को जिला उपाध्यक्ष पद से मुक्त किया जाता है। जारी आदेश की प्रतिलिपि प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल तथा पश्चिम क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर को भी प्रेषित की गई है। यह आदेश 7 जुलाई 2026 को जिला अध्यक्ष चौधरी चैनपाल सिंह के हस्ताक्षर से जारी किया गया।पार्टी की इस कार्रवाई को संगठन में अनुशासन बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया जा रहा है।

# हर घर एक पौधा, हर दिल हरियाली: 12 जुलाई को गाजियाबाद में 10.22 लाख पौधों का महाअभियान, डीएम ने किया जनसहभागिता का आह्वान




**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिले में 12 जुलाई को आयोजित होने वाले वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों को शासन द्वारा निर्धारित 10.22 लाख पौधों के लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग 9 जुलाई तक पौधों का उठान सुनिश्चित करें, पौधारोपण स्थलों की तैयारियां पूरी करें तथा हरितिमा ऐप के माध्यम से सभी स्थलों की जियो-टैगिंग कर पौधों की सुरक्षा और सिंचाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। लोक निर्माण विभाग को सड़कों के किनारे एक ही प्रजाति के थीमैटिक वृक्ष लगाने और 12 जुलाई को वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने जनपदवासियों, शिक्षण संस्थानों, स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य के लिए जनभागीदारी से इस अभियान को सफल बनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक से पूर्व जिलाधिकारी, डीएफओ ईशा तिवारी, सीडीओ कुमार सौरभ सहित अन्य अधिकारियों ने विकास भवन परिसर में पौधारोपण भी किया।

# गर्मी से मिली राहत, लेकिन बारिश ने बढ़ाई मुसीबत; लोनी की सड़कें बनीं तालाब



**कपिल चौहान**



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद में मौसम के अचानक बदले मिजाज ने लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत दिलाई है। बारिश होने के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। पिछले कई दिनों से पड़ रही तेज गर्मी के बाद मौसम सुहावना हो गया।

हालांकि, यह बारिश राहत के साथ-साथ परेशानी भी लेकर आई। गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई है। सड़कों और गलियों में पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

निचले इलाकों में जलभराव के कारण यातायात भी प्रभावित हुआ है और लोगों को दैनिक कार्यों के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हर बारिश में जलभराव की समस्या सामने आती है, जिससे नगर निकाय की जल निकासी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

# कोरियर कंपनी से चोरी हुए मोबाइल बरामद, लिंक रोड पुलिस ने शातिर चोर को दबोचा



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के लिंक रोड थाना पुलिस ने मोबाइल चोरी की वारदात का सफल खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए दो IAOMI POCO C-85 5G मोबाइल फोन, चार्जर और डाटा केबल बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, नंदग्राम निवासी मनोज गोस्वामी ने ब्लू हार्ड कोरियर कंपनी, सेंट्रल वेयरहाउस परिसर से दो मोबाइल चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने श्री खाटू श्याम इंडस्ट्री पार्क के पास चेकिंग के दौरान हापुड़ निवासी अनुज कश्यप को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी के दोनों मोबाइल बरामद हुए। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराओं में बढ़ोतरी करते हुए आरोपी के खिलाफ अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# इलाज ने छीन लिया सहारा: पैर कटने के बाद रागिनी गायक ने अस्पताल पर लगाए गंभीर आरोप, डीएम से मांगी न्याय की गुहार




**कपिल चौहान**

**ग्रेटर नोएडा (वेलकम इंडिया)।** सड़क हादसे के बाद इलाज कराने पहुंचे रागिनी गायक ओमपाल ने यथार्थ अस्पताल पर उपचार में लापरवाही बरतने का गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अस्पताल में इलाज के दौरान उनका पैर काटना पड़ा, जिससे वह स्थायी रूप से दिव्यांग हो गए हैं। उनका दावा है कि इस घटना के बाद उनके परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और आजीविका चलाना मुश्किल हो गया है। ओमपाल ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि समय पर उचित उपचार मिलता तो उनका पैर बचाया जा सकता था। पीड़ित ने प्रशासन से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने और मामले में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की भी मांग की है। यह शिकायत प्रशासन के संज्ञान में पहुंच चुकी है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक अस्पताल का पक्ष सामने नहीं आया है और न ही प्रशासन की ओर से जांच पूरी होने संबंधी कोई आधिकारिक जानकारी जारी की गई है। ऐसे में मामले की वास्तविक स्थिति जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

# जनता की समस्याओं पर नगर निगम गंभीर, 'संभव' जनसुनवाई में 26 शिकायतों के समाधान के निर्देश



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर आयुक्त के निदेर्शानुसार नगर निगम अधिकारियों ने 'संभव' जनसुनवाई का आयोजन किया। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों से कुल 26 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनकी सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए गए। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से नियमित जनसुनवाई के माध्यम से लोगों की शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि आमजन को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

# श्रीराम मंदिर चढ़ावा विवाद पर कांग्रेस का प्रदर्शन, बारिश के बीच निकली 'सद्बुद्धि पदयात्रा



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर के चढ़ावे में कथित अनियमितताओं के विरोध में सोमवार को जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी ने संयुक्त रूप से 'सद्बुद्धि पदयात्रा' निकाली। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित यह यात्रा जिला कांग्रेस कार्यालय से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुड़ मंडी स्थित हनुमान मंदिर पहुंची।

तेज बारिश के बावजूद कांग्रेस कार्यकताओं ने पदयात्रा जारी रखी और इसे प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद बताया। हनुमान मंदिर में पहुंचकर कार्यकताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ और आरती की। इसके बाद श्रीराम मंदिर के चढ़ावे में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े मामले में पारदर्शी जांच आवश्यक है।

महानगर कांग्रेस अध्यक्ष वीर सिंह जाटव ने कहा कि धार्मिक आस्था और पारदर्शिता की रक्षा करना सभी की जिम्मेदारी है। पदयात्रा में कांग्रेस के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# घंटाघर में धधका विंग्स शूज शोरूम, दमकल की जांबाजी से आग पर काबू; बड़ा हादसा टला

**कपिल चौहान**




**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद के घंटाघर स्थित विंग्स शूज शोरूम में मंगलवार दोपहर भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग भवन की चौथी मंजिल पर लगी थी। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन कोतवाली की टीम मौके पर पहुंची। आग की भयावहता को देखते हुए जिले के विभिन्न फायर स्टेशनों से अतिरिक्त दमकल वाहन और अग्निशमन अधिकारियों को बुलाया गया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में फायर सर्विस की टीम ने घने धुएं और भीषण गर्मी के बीच बीए सेट पहनकर भवन के अंदर प्रवेश किया।

साथ ही आसपास की इमारतों की छतों से होज लाइन बिछाकर और जरूरत पड़ने पर दीवार तोड़कर आग बुझाने का अभियान चलाया। लंबे रेस्क्यू और फायर फाइटिंग ऑपरेशन के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

दमकल कर्मियों की त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ से आग को आसपास की दुकानों और शोरूमों तक फैलने से रोक दिया गया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया।

मौके पर स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही। आग बुझाने के अभियान में कुल 11 दमकल गाड़ियों ने हिस्सा लिया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने फायर सर्विस की बहादुरी और मुस्तैदी की सराहना की।

# जान जोखिम में डालकर बचाईं अनगिनत जिंदगियां, गाजियाबाद के जांबाज फायर कर्मियों का हुआ सम्मान



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिले में हाल के भीषण अग्निकांडों और रेस्क्यू अभियानों के दौरान असाधारण साहस, तत्परता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देने वाले अग्निशमन एवं आपात सेवा के अधिकारियों और कर्मचारियों को मंगलवार को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

सम्मान समारोह में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कहा कि फायर कर्मियों ने विकराल आग, अत्यधिक तापमान और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच अपनी जान की परवाह किए बिना आग पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया। उनकी सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से आग को अन्य परिसरों तक फैलने से रोका गया, जिससे संभावित जन-धन की बड़ी हानि टल गई।

उन्होंने अग्निशमन अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साहस, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनका कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है।

उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी अग्निशमन एवं आपात सेवा के अधिकारी और कर्मचारी इसी निष्ठा और दक्षता के साथ जनसुरक्षा के लिए कार्य करते रहेंगे।

कार्यक्रम के अंत में सभी सम्मानित अधिकारियों और कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और निरंतर उत्कृष्ट सेवा के लिए शुभकामनाएं भी दी गईं।

# आरटीई दाखिलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, पात्र बच्चों का 100% प्रवेश सुनिश्चित करें: डीएम

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान राजस्व, जीडीए, पुलिस, नगर निकाय, सामाजिक कल्याण समेत विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। जनसुनवाई के दौरान शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत दाखिलों से संबंधित मामलों पर जिलाधिकारी ने विशेष गंभीरता दिखाई। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि आरटीई के तहत पात्र बच्चों का शत-प्रतिशत दाखिला हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर जिलाधिकारी (भूमि अध्याप्ति), सिटी मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।